वर्ष-10, अंक-169
इन्दौर, सोमवार
16 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना


RNI-MPHIN/2013/53761

इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

### चाणक्य नीति

दूसरों की गलतियों से सीखों, अपने ही अनुभवन से सीखने को तुम्हारी आयु कम पड़ जाएगी।

-चाणक्य



# महाराजा विक्रमादित्य की न्यायप्रियता के समान राज्य सरकार भी सभी वर्गों के कल्याण के लिए कृत-संकल्पित : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव को समतामूर्ति अलंकरण सम्मान प्रदान किया गया

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा महाकाल की नगरी अवंतिका अनंत है। यह नगरी हर काल और हर युग में अपने गुणों ,कीर्ति और प्रसिद्धि से सदैव अलंकृत होती आ रही है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा और गौरवशाली लोकतंत्र है, जिसके तीन आधार स्तंभों में न्यायपालिका प्रमुख है, जो महाराजा विक्रमादित्य की न्यायप्रियता के समान हमारी ताकत को कई गुना बढ़ाती है। महाराजा विक्रमादित्य की न्याय और समानता से प्रेरित मध्यप्रदेश सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज उज्जैन के रामानुज कोट आश्रम में आयोजित समतामूर्ति अलंकरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री जी.के. महेश्वरी को रामानुज कोट के धर्माचार्य संत स्वामी श्री गादी जी महाराज द्वारा समतामूर्ति अलंकरण से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी श्री रंगनाथाचार्य जी महाराज सहित अन्य संत आचार्य उपस्थित रहें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन धर्म ने नर में ही नारायण को पूजना सिखाया है और ÷नर सेवा को ही नारायण सेवा÷ माना है। हमारी संस्कृति



दीन-दुखियों की सेवा को भगवान की सेवा बताती है। मानव कल्याण हमारी नैतिक शिक्षा, संस्कार का हिस्सा है। प्रकृति और प्रवृत्ति दोनों में परमात्मा ही बसते हैं।

### सिंहस्थ की छटा होती है निराली

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 12 वर्षों में आयोजित होने वाले सिंहस्थ की छटा निराली होती है। समारोह में उपस्थित देवतुल्य धर्माचार्य के दर्शन लाभ से परमात्मा के दर्शन की अनुभूति हो रही हैं। स्वामी श्री रामानुज जी महाराज ने अपने अलौकिक दर्शन से सनातन धर्म के संरक्षण के साथ मानव से मानव को जोड़कर जनसेवा का मार्ग भी दिखाया है। समाज में आने वाली विभिन्न चुनौतियों के बावजूद भी स्वामी जी द्वारा भक्ति मार्ग का निरंतर प्रसार किया गया, जिसकी अविरल धारा आज भी प्रवाहित हो रही है। न्यायाधीश श्री माहेश्वरी ने कहा कि समानता हमारे सनातन संस्कृति में वेद पुराणों के साथ हमारे संविधान में भी उल्लेखित है। भारत के संविधान में समानता का अधिकार मानव को प्राप्त पहला अधिकार हैं। ईश्वर का समभाव भी सभी के लिए समान है। अगर कोई व्यक्ति महत्वपूर्ण पद पर आसीन होता है तो वह बिना देवीय कृपा के संभव नहीं हैं। ईश्वर ने ही उसे जनहित के लिए चुना है। इसीलिए उसे सदैव मानव सेवा के कार्य में संलग्न रहना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीठाधीश्वर स्वामी श्री रंगनाथाचार्य जी महाराज सहित अन्य धर्माचार्यों को पुष्पमाला और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जनहित के लिये एक एम्बुलेंस को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।



## शेख हसीना सहित 59 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**ढाका।** बांग्लादेश में पिछले महीने हुई हिंसक झड़प के दौरान एक छात्र की हत्या के प्रयास के आरोप में देश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 58 अन्य के खिलाफ एक और नया मामला दर्ज किया गया है। मीडिया में रविवार को जारी खबर में यह जानकारी दी गई।

देश की पूर्व प्रधानमंत्री (76) के खिलाफ दर्ज मामलों की श्रृंखला में यह नवीनतम मामला है। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर छात्रों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के कारण शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया था और भारत चली गई थीं। बांग्लादेश के अंग्रेजी समाचार पत्र डेली स्टार में प्रकाशित खबर में बताया गया कि फहीम फैजल (22) ने यह मामला दर्ज कराया है। फहीम ने दावा किया कि हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के गिरने से एक दिन पहले चार अगस्त को दिनाजपुर में सरकार के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान उसपर गोलियां चलाई गई थीं जिससे वह घायल हो गया था। खबर में बताया गया कि फहीम द्वारा दर्ज कराए गए मामले के बाद हसीना के खिलाफ अब तक दर्ज कराए गए मामलों की संख्या 155 हो गई है। जिसमें हत्या के 136, मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार के सात, अपहरण के तीन, हत्या के प्रयास के आठ और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के जुलूस पर हमले का एक मामला शामिल है।

## सड़क से लेकर संसद तक महिलाओं के अधिकारों के लिए करें संघर्ष

### महिला कांग्रेस की स्थापना दिवस पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने दी बधाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महिला कांग्रेस की स्थापना दिवस पर सभी को बधाई देते हुए कहा है कि महिलाओं को उनका हक मिलना चाहिए।



उन्होंने कहा कि संविधान में उन्हें जो अधिकार दिए गए हैं उन्हें प्रदत्त किए जाने चाहिए और कांग्रेस इसके लिए बराबर संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को पूरा हक़ मिलना एक संवैधानिक दायित्व है जिसके लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। हमारे देश की नारी शक्ति ने आज़ादी की लड़ाई से लेकर अंतरिक्ष की उड़ान तक, राष्ट्र निर्माण में अपना बराबरी का योगदान दिया है। खडगे ने कहा कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की ज़िम्मेदारी है।

## बीजेपी नेता अनिल विज ने ठोका सीएम पद पर दावा

**हिसार (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अनिल विज ने रविवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के लिए दावा ठोक दिया है. उन्होंने कहा कि वरिष्ठता के लिहाज से मैं सीएम बनने का दावा ठोकूंगा. अगर मैं सीएम बना तो हरियाणा की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल दूंगा.



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अनिल विज ने रविवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के लिए दावा ठोक दिया है. अनिल विज ने अपनी वरिष्ठता व्यक्त करते हुए पार्टी से सीएम पद की मांग की. अनिल विज ने कहा कि मैं हरियाणा में बीजेपी का सबसे वरिष्ठ विधायक हूं. मैंने छह बार चुनाव लड़ा है. मैंने पार्टी से कभी कुछ नहीं मांगा. लेकिन लोगों की मांग पर मैं इस बार अपनी वरिष्ठता के आधार पर सीएम पद के लिए दावा करूंगा. अनिल बिज ने कहा कि मैं जहां-जहां गया हूं, सब मुझे कह रहे हैं कि आप सीनियर मोस्ट हो, ऐसे में आप CM क्यों नहीं बने?




**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान चुनावी धांधलियों के लगातार आरोप लगाते रहे हैं। उन्होंने ने पहले ही दावा किया था कि 8 फरवरी के आम चुनाव में जमकर धांधली की गई। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) को जनादेश चोर कहा था। इस मामले में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने शहबाज शरीफ सरकार और चुनाव आयोग की धांधली के खिलाफ बड़ा फैसला सुनाया। उच्चतम न्यायालय ने 8 फरवरी को हुए चुनाव के बाद आयोग के कार्यों पर अंसतोष जताया और सुरक्षित सीट के संबंध में इमरान खान की पार्टी के हक में फैसले को लागू करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के प्रति नाराजगी जताई और कहा कि आयोग के इस कदम की कड़ी से कड़ी निंदा की जानी चाहिए। अगर पाकिस्तान सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का अक्षरशः पालन किया जाता है तो इमरान की पार्टी पीटीआई पाकिस्तान नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है। पाकिस्तान की शीर्ष अदालत का यह आदेश प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए करारा झटका साबित हुआ।

# मेरठ में तीन मंजिला मकान गिरने से दस लोगों की मौत

**मेरठ, (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में लगातार कई दिनों से हो रही बारिश से पचास साल पुराना तीन मंजिला एक मकान भरभरा कर गिर गया जिसमें एक ही परिवार के तीन बच?चों समेत दस लोगों की मलबे में दब जाने से मौत हो गई है।



रविवार तड़के तक चले बचाव अभियान के बाद नौ शवों को मलबे से निकाला जा सका। संकरी गलियां होने के कारण जेसीबी के मौके पर पहुंचने में होने वाली परेशानी और तेज बारिश बचाव कार्य में बाधक बनी रही। पुलिस ने रविवार को बताया कि जाकिर कॉलोनी गली नंबर सात में 90 वर्षीया बुजुर्ग महिला नफो उर्फ नफीसा का करीब 50 साल पुराना तीन मंजिला मकान था।

बताया गया है कि मकान के निचले हिस्?से में नफो के बेटे डेयरी चलाते थे। जबकि ऊपर की दोनों मंजिलों पर नफो के बेटे साजिद पत्नी सायमा और नईम पत्नी अलीशा 5 वर्षीय बेटी रिमशा, नदीम पत्नी फरहाना, 2 वर्षीय बेटा हमजा, शाकिर पत्नी साहिबा समेत 15 लोग रहते थे। शनिवार शाम करीब 5 बजे तेज धमाके के साथ पूरा मकान भरभराकर गिर गया जिसमें सभी 15 लोग मलबे में दब गये। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासन के तमाम आला अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और बचाव

## दिल्ली पुलिस ने पकड़ा पुलिसकर्मी और सेना का जवान

### कार में लिफ्ट देने के बहाने करते थे ठगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कमला मार्केट थाना पुलिस की टीम ने खुद को पुलिसकर्मी और सेना का जवान बताकर लोगों को ठगने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने उनके कब्जे से एक सोने का मंगलसूत्र, 10,900 रुपये नकद और अपराध के दौरान इस्तेमाल की गई कार बरामद की है। मध्य जिले के डीसीपी के अनुसार, छह सितंबर को थाना कमला मार्केट में एक महिला ठगी को लेकर शिकायत दर्ज कराते हुए कहा था कि वह मिंटो रोड के बस स्टाप पर खड़ी थी, तभी कार में एक व्यक्ति आया और कापसहेड़ा जाने का रास्ता पूछने लगा। बस स्टाप पर खड़ा दूसरा आरोपी आगे आया और बोला वह भी वहीं जा रहा और खुद को पुलिसकर्मी बताकर महिला को भी रास्ते में छोड़ने की बात बोलकर कार में बैठा लिया। कार में आरोपियों ने उसे एक सफेद कागज के थैले में उसका कीमती सामान सुरक्षित रखने का झांसा देकर थैला बदल दिया और सुनसान जगह उसे उतार कर फरार हो गए।

### हरियाणा में किसानों की महापंचायत

## पंजाब से भी बड़ी संख्या में पहुंचे किसान, पुलिस ने सील किए बॉर्डर

**जींद (एजेंसी)।** हरियाणा में आज किसानों की महापंचायत हो रही है। जींद के उचाना की अतिरिक्त अनाजमंडी में यह महापंचायत किसान आंदोलन को लेकर हो रही है।

महापंचायत में किसानों का भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ रणनीति बनाने का प्रयास है। महापंचायत में बड़ी संख्या में हरियाणा और पंजाब के किसान शामिल हुए हैं। इससे पहले ही पुलिस ने रात को दाता सिंह वाला बॉर्डर के आसपास से निकलने वाले सभी रास्ते भी बंद कर दिए थे। वहीं कैथल की तरफ से बैरिकेड्स लगाकर रास्ता पूरी तरह से बंद कर दिया है। वहीं, इससे पहले संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक के युवा किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि पुलिस कितने भी रास्ते रोक ले, लेकिन किसान महापंचायत में जरूर पहुंचेंगे। किसी भी सूरत में किसानों का जत्था नहीं रुकेगा। यदि किसानों को जबरदस्ती रोकने की कोशिश की तो वहीं पर किसान धरना लगाकर बैठ जाएंगे।



## सुनीता विलियम्स के हिंदू होने पर पति माइकल को नहीं है एतराज

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथ विल्मोर कई दिनों से आतंरिक्ष में फंसे हैं। सुनीता पहले अमेरिका नौसेना में ट्रेनिंग पायलट थीं। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने नासा ज्वाइन की। उन्होंने 6 दिसंबर 2006 को अपने पहले अंतरिक्ष मिशन की शुरुआत की, जो 22 जून 2007 को खत्म हुआ था। उनके नाम चार स्पेस वॉक करने का भी रिकॉर्ड है। सुनीता ने फेडरल मार्शल माइकल जे विलियम्स से शादी की है। माइकल के बारे में लोगों कम ही जानते हैं। नासा में शामिल होने से पहले सुनीता विलियम्स सेना के लिए काम करती थीं और हेलीकॉप्टर उड़ाती थीं। इसी दौरान दोनों की मुलाकात हुई।

### खाटूश्याम जा रही कार हुई हादसे का शिकार

# देवास के 6 श्रद्धालुओं की मौत

**बूंदी (एजेंसी)।**

खाटूश्याम दर्शन के लिए जा रही ईको कार हादसे का शिकार हो गई। कार में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी जिससे उसके परखच्चे उड़ गए। कार में बैठे 9 लोगों को गंभीर चोटे आईं। इसमें से 6 की मौत हो गई और 3 लोग गंभीर रुप से घायल हुए है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनो यात्री बोलने की स्थति में नहीं है,उनसे मिले दस्तावेजों के आधार पर पुलिस शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है। बताया जा रहा है कि सभी मृतक मप्र के रहने वाले हैं। राजस्थान के बूंदी जिले के हिंडौली थाना इलाके में यह हादसा हुआ है। पुलिस ने शवों को स्थानीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने बताया कि दिल को दहला देने वाला यह हादसा हिंडौली इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 पर टनल के पास आज तड़के करीब 4.30 बजे हुआ। उस समय एक ईको कार में सवार होकर श्रद्धालु खाटूश्यामजी जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने कार को अपनी चपेट में ले लिया। इससे कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार नौ लोगों में से तीन की मौके पर ही मौत हो गई। तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही हिंडौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों तथा घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचाया। घायलों को भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कार सवार लोग मध्य प्रदेश के देवास के रहने वाले थे। हादसे में घायल हुए तीन अन्य श्रद्धालु भी बोलने की स्थिति में नहीं है। लिहाजा अभी यह पता नहीं चल पाया है कि ये लोग एक ही परिवार के या अलग-अलग हैं।



## संपादकीय


# महाराष्ट्र में सियासी घमासान



महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने के बाद से राजनीतिक हलचलें बढ़ गई हैं। यह घटना 26 अगस्त 2023 को घटित हुई, उसके बाद से ही राज्य में उथल-पुथल मची हुई है। इस मुद्दे को लेकर महाविकास आघाड़ी आक्रामक मुद्रा में है। भारतीय जनता पार्टी बचाव की मुद्रा में आमने-सामने आकर खड़ी हो गई हैं। महाविकास आघाड़ी ने इस घटना को लेकर राज्यभर में आंदोलन शुरू कर दिया है। 1 सितंबर 2024 को महा विकास अघाड़ी ने मुंबई के हुतात्मा चौक से गेटवे ऑफ इंडिया तक एक विशाल रैली निकाली, जिसमें शरद पवार, उद्धव ठाकरे और नाना पटोले जैसे बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने को शिवाजी महाराज के अपमान और भ्रष्टाचार से जोड़कर विपक्ष सरकार और प्रशासन पर दबाव बना रहा है। प्रतिमा निर्माण प्रक्रिया में भ्रष्टाचार हुआ, अनियमितताएं बरती गईं, जिस कारण यह दुर्घटना हुई। कुछ ही दिनों में महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव होने हैं। जिसके कारण जवाब में बीजेपी को भी मैदान में उतरना पड़ा है। मुंबई में भाजपा ने दादर ईस्ट से अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया। भाजपा का आरोप है, कि महाविकास अघाड़ी इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रही है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाविकास आघाड़ी शिवाजी महाराज के नाम पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा इस मामले में पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार माफी मांग चुके हैं। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच यह मामला महाराष्ट्र के चुनाव में एक महत्वपूर्ण असर डालने वाला होगा। विधानसभा चुनावों के निकट आते ही इस घटना से महाराष्ट्र की राजनीति में तूफान आ गया है।

## चिंतन-मनन

# एकता में भाषा भी अवरोध



भाषा, जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, उसे भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है. अपनी भाषा के प्रति आकषर्ण होना अस्वाभाविक नहीं है और मातृभाषा व्यक्ति के बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम बन सकती है, इसमें कोई संदेह नहीं. पर हमें इस तथ्य को नहीं भुला देना चाहिए कि मातृभाषा के प्रति जितना हमारा आकषर्ण होता है, उतना ही आकषर्ण दूसरों को अपनी मातृभाषा के प्रति होता है। इसलिए भाषाई अभिनिवेश में फंसना कैसे तर्कसंगत हो सकता है? हमारे पूर्वाचर्यों ने एकता की सर्वोत्तम कसौटी प्रस्तुत की थी। वह है- जो तुम्हारे लिए प्रतिकूल है, वह तुम दूसरों के लिए मत करो। हमारा भाषाई प्रेम उस सीमा तक ही होना चाहिए जहां दूसरों के भाषाई प्रेम से उसकी टक्कर न हो। हर प्रांत का अपना भाषाई प्रेम है। उनके पारस्परिक संपर्क के लिए एक जैसी भाषा भी अपेक्षित होती है, जो उनके प्रेम को अक्षुण्ण रखते हुए एक-दूसरे को मिला सके। वह राष्ट्रीय भाषा होती है। प्रांतीय भाषा के प्रेम को इतना उभार देना कैसे उचित हो सकता है, जिससे प्रांतीय और राष्ट्रीय भाषाओं में परस्पर टकराहट पैदा हो जाए। राष्ट्रीय एकता के लिए इस विषय पर गंभीर चिंतन आवश्यक है।

भाषा की समस्या को मैं सामयिक समस्या मानता हूं। इस समस्या को कभी-कभी उभार दिया जाता है और यह राष्ट्रीय एकता के लिए चुनौती बन जाती है। फिर भी इसमें स्थायित्व नहीं है। इसके आकषर्ण की एक सीमा है। यह लंबे समय तक जनता को आकृष्ट किए नहीं रख सकती। आर्थिक-सामाजिक वैषम्य तथा जातीय और सांप्रदायिक वैमनस्य राष्ट्रीय एकता की स्थाई समस्याएं हैं। इनका समाधान हुए बिना राष्ट्रीय एकता का आधार मजबूत नहीं हो सकता। क्या हित-सिद्धि के भेद की भित्ति पर अभेद का प्रासाद खड़ा किया जा सकता है? क्या हीनता और उच्चता की उबड़-खाबड़ भूमि पर एकता के रथ को ले जाया जा सकता है? ऐसे कभी नहीं हो सकता।

# दहलीज़ के पार....

## कहानी



हर महीने की सात तारीख को हमारी मासिक गोष्ठी होती थी । उस दिन हमारे उच्चाधिकारी हमें विभागीय सूचनाएं देते आदेश नोट करवाते तथा मासिक वेतन वितरण करते । आज सात तारीख थी और कार्यालय में मासिक गोष्ठी थी। दिसंबर का महीना था । डलहौजी की पहाड़ियों पर थोड़ा-थोड़ा हिमपात हो चुका था देवदार के घने पेड़ों की शाखाओं पर रूई के फाहों की तरह बर्फ के फाहे लटके हुए थे। दूर-दूर तक बर्फ की सफेद चादर बिछी हुई थी । पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला सफेद चांदी सी चमकती धवल नवल दिख रही थी । मैं ठीक साढ़े नौ बजे कार्यालय के गेट पर पहुंच गया । अभी कार्यालय के दरवाजे खोल चपरासी झाड़ू लगाकर कुर्सियां तथा मेज कपड़े से साफ कर रहा था । बाकी अभी तक कार्यालय में कोई नहीं पहुंचा था। ठंड से बुरा हाल था। मैंने गर्म जुराबे दस्ताने वा चमड़े की जैकेट पहन रखी थी फिर भी डलहौजी की बर्फीली हवा की ठंड मेरे पूरे शरीर को हिलाए जा रही थी ...। मैंने चपरासी को सगड़ी जलाने को कहा-भाई बहुत ठंड लग रही है सगड़ी तो जला दो । उसने सगड़ी जलाने के लिए दो तीन सगड़ियों में कोयले डाले और थोड़ा-थोड़ा तेल डालकर बरामदे में रखकर सुलगा दिया ....। कच्चे कोयले और तेल की गंध से पूरे वातावरण में एक अजीब सी गंध फैल गई ।

मैंने अंदर से कुर्सी उठाई और सगड़ी के साथ रख ली ।गत्ते के टुकड़े से हवा देकर सगड़ी को सुलगने लगा और दास्तानें खोलकर हाथ सेंकने लगा । कार्यालय सड़क के साथ था । इक्का-दुक्का गाड़ियां सड़क से गुजर रही थीं । बर्फीली सड़क पर गाड़ियों के गुजरने से पैदा हुई फच - फच की आवाज हमारे कार्यालय के बरामदे तक आ रही थी । मैं गत्ता हाथ में लेकर धीरे-धीरे सगड़ी को सुलगा रहा था ।इतने में सुलगती सगड़ी देखकर एक औरत जिसकी उम्र लगभग पैंतालीस के आसपास होगी सगड़ी के पास आकर बैठ गई और हाथ सेंकने लगी । यह औरत मेरे लिए कोई नई नहीं थी।इस कस्बे में इसको मैं पिछले बीस सालों से देख रहा था । तब यह जवान और खूबसूरत हुआ करती थी । आज उसके कंधे पर एक पुराना सा पर्स लटका था ।साधारण से कपड़े पहने हुए वह होठों पर लिपस्टिक लगाए हुए थी । साधारण से बाल काली मेंहदी से रंगे हुए। साधारण नाक नक्श सुंदर गठीला बदन, लगभग पांच फुट लंबाई। शायद वह कहीं आस-पास ही रात गुजार कर आई थी।


ऐसा लग रहा था..... । मैंने उसे पहले भी कई बार देखा था, वह जब भी बारिश वगैरा होती तो इसी ऑफिस के बरामदे में आकर खड़ी हो जाती। आते जाते कर्मचारी चाय मंगवाते तो उसे भी कभी कभार पिला देते। वह थोड़ी देर रूकती फिर चली जाती । बरसों से इस जगह से मेरा परिचय था....। इसी वजह से मैं उसे भी जानता था कि यह धंधा करती है । मेरी नजर में वह एक आवारा औरत थी। पिछले कई वर्षों से मैं उसे यही देखता आया था । इसकी बेबसी की कहानी इतनी क्रूर हो सकती है मुझे अंदाजा नहीं था......। मैंने इसके जीवन का सिर्फ एक ही पहलू देखा था जो मेरी नजर में एक आवारा औरत का चित्र अंकित कर पाया था.....। सिक्के के दो पहलू होते हैं सिक्के का दूसरा पहलू कितना क्रूर हो सकता है यह मैंने कभी सोचा भी नहीं था और न ही कभी सोचता अगर यह औरत आज मेरे साथ बैठकर थोड़ी देर बात न करती तो....।

और मैं अपनी बनाई धारणा में ही इसे सदैव तोलता रहता...। जब यह जवानी में थी तब तो यह बहुत सुन्दर थी । अब इसकी जवानी के ढलने के साथ इसकी सुंदरता भी कम हो गई थी । फिर भी सुंदर थी....। सगड़ी में डाले कोयले सुलग उठे थे .....। अब धुआं कम हो गया था । मैंने उससे बात करने के लिए भूमिका बांधनी शुरू कर दी । आज बहुत सर्दी है। मैंने बात शुरू की । उसने हां में सिर हिला दिया। मैंने फिर पूछा- आपका नाम? हालांकि इसका प्रचलित नाम मैं जानता था।

वह बोली -नैनो । कहां रहती हो ? वह मुस्कुरा दी । उसने मुझे पहले कई बार देखा था। शायद वह मुझे पहचानती थी कि यह इसी कार्यालय के अधीन बाहर कहीं कर्मचारी है। इसलिए वह मुस्कुराकर अनमनी सी बोली - मेरा कोई घर नहीं है, जहां रात पड़ी काट ली । मैंने उसे खंगालते हुए पूछा कि तुम इस रास्ते तक कैसे पहुंची । कौन से ऐसे हालात रहे जो तुम्हें इस तरह घर की दहलीज से पार ले आए....। तब वह मेरी अपनत्व भरी बातें सुनकर भावुक हो उठी ।बोली ....बाबू यह कहानी बहुत लंबी है....। और उसने एक लंबी सांस ली...। फिर बोली - अगर नहीं मानते तो सुनो मेरे अतीत की कहानी। फिर वह बताने लगी- मैं अपने मां-बाप की इकलौती संतान थी । मेरे बापू मुझे भी पढ़ा- लिखा कर आप आफिसर बनाना चाहते थे । मैं पढ़ने में भी बहुत अच्छी थी। हमेशा अपनी कक्षा में प्रथम आती थी ।अचानक एक हादसा हुआ । मेरे पिताजी बस दुर्घटना में हमें छोड़ कर चल बसे ।उस समय में आठवीं में पढ़ती थी ...। इस झंझावात ने हमारे घर की छत को हिला दिया । मेरी मां अब मुझे आगे पढ़ाना नहीं चाहती थी ..ज्। अब वह मेरी शादी करना चाहती थी । मेरी उम्र भी अठारह साल हो गई थी और हमारे जमाने में आज की तरह पांच साल के होते ही स्कूल में दाखिल नहीं करवाते थे ।

दस दस वर्ष के बच्चे स्कूल में पहली बार कक्षा में दाखिल करवाए जाते थे । मुझे भी इसी उम्र में दाखिला करवाया गया था ।तभी तो मैं आठवीं तक पहुंचते-पहुंचते 18 वर्ष की हो गई थी । मेरी मां ने अपनी बिरादरी में एक लड़का देखा और उसे घर जंवाई बना कर मेरी शादी कर दी । मेरी मां ने उनके कहने पर सारी जमीन जायदाद उसके नाम कर दी । मां ने अपने हाथ काट कर उसे दे दिए । बिना कमाए उसे सब कुछ मिल गया तो धीरे-धीरे उसका दिमाग फिरने लगा । उसने जुआ शराब शुरू कर दिया ।पहले तो चोरी चोरी फिर सरेआम । एक साल बाद मां भी इस दुनिया से विदा हो गई । दो-तीन वर्ष इसी तरह बीत गए ।वह नशे का आदी हो गया। मैं उसे समझाती तो वह मारपीट करता ।कई रातें मैंने घर के बरामदे में काट दीं। मेरे पास अपना कुछ नहीं था ।क्योंकि सब कुछ मां ने उसके नाम कर दिया था । फिर एक दिन मेरे उसी घर में एक दूसरी औरत आ गई । वह मेरी सौतन थी । मुझे धक्के मार मार कर अपने ही घर की दहलीज से बाहर कर दिया । जब मैंने जमाने की छांव चाही तो बदले में उसने मेरा गोश्त मांगा .....।अब उसकी आंखें छलछला आई थीं।

मैं जवान थी मेरा गोश्त चील कौवे नोचने लगे...... । मैं काट काट कर स्वयं उनको खिलाती रही ।वक्त बीतता रहा। मैं भी गोश्त खिलाने की आदी हो गई ।



अशोक दर्द डलहौजी
चंबा हिमाचल प्रदेश

अब धीरे-धीरे मेरे बदन से गोश्त गायब होने लगा है और मेरे गोश्त के व्यापारी मुझसे आंख चुराने लगे हैं। अब तो कई बार मुझे भूखे भी सोना पड़ता है । मैंने मुड़ कर पीछे नहीं देखा न ही देखना चाहती हूं। अब यह सड़क ही मेरी जिंदगी है ।यही जीऊंगी यहीं मरूंगी ....। सगड़ी में सुलगते कोयलों ने आसपास गर्माहट फैला दी थी । फिर घने काले बादल आसमान पर छा आए थे । बीच-बीच में गड़गड़ाहट से डराने लगे थे...... । दफ्तर में अभी भी कोई नहीं आया था ।वह अपनी दास्तां सुना कर चुप हो गई थी..... । मैंने चपरासी को तीन कप चाय लाने के लिए कहा । चपरासी चाय लेने चला गया....। सामने सड़क से कोई उसे आवाज लगाकर बुला रहा था ....।नैनो.....।ओए.... नैनो ...। उसने पलट कर देखा एक ट्रक ड्राइवर उसे साथ चलने का इशारा कर रहा था ।वह उठकर चलने लगी तो मैंने कहा चाय मंगवाई है चाय तो पी लो । तब वह बोली -बाबूजी आपकी चाय ड्यू रही फिर कभी पी लूंगी। और वह ट्रक की तरफ चल दी और ट्रक की बारी खोल कर उसमें बैठ गई। ट्रक चला गया ....। मैं बड़ी देर तक उस जाते हुए ट्रक को देखता रहा....... । उसकी दहलीज के पार की यह क्रूर कहानी सुनकर मैं भीतर ही भीतर पिघलने लगा था।

# अनोखी मदद



## कहानी

नरेन बाबू ने गली के मोड़ पर स्कूटर घूमाया ही था कि अगले पहिये से कुत्ते का छोटा सा पिल्ला,स्कूटर रोकते-रोकते टकरा ही गया। कूं.. कूं.. कूं.. करता वह पिल्ला स्कूटर के सामने ही लोट गया। उस बच्चे को करहाते देख नरेन बाबू की वहां से जाने की इच्छा नहीं हुई द्य उन्होंने तेजी से अपना स्कूटर खड़ा किया और उसे देखने लगे।

इन सब के बीच कॉलोनी के एक दो और परिचित उनके पास आ गये थे। पिल्ले को देखा तो लग रहा था कि उसके अगले पैरों मे कोई चोट लगी है और वह चल नही पायेगा। नरेन बाबू ने तुरंत अपने दो-तीन दोस्तों को, जो कोई ना कोई जानवर पालते थे फोन कर पालतू जानवरों के अस्पताल का पता मालूम किया। फिर वे उस कुत्ते के बच्चे को एक परिचित की गोद मे बैठाकर, स्कूटर से अस्पताल की ओर चल दिये।

अस्पताल पहुंचकर जब डाक्टर ने उस पिल्ले का मुआयना कर बताया कि अगले पैर मे टक्कर होने से केवल हल्की सी चोट लगी है और घबराने की कोई बात नही है।

मैं दवा लगा पट्टी कर देता हूँ। कुछ दिन मे ये फिर दौडने लगेगा, अच्छा हुआ आप इसे समय से यहां ला आये और इसे दवाई करवा दी वरना कॉलोनी में तो ये बिना दवाई के लंगडाते लंगडाते पता नही कब तक ठीक हो पाता। नरेन बाबू पिल्ले को लिए जब लौटे तो उन्हे संतुष्टि थी कि उन्होने समय रहते पिल्ले का इलाज करवा दिया। अब तो नरेन बाबू की जानवरों के प्रति इस हमदर्दी की तारीफ आसपास के सभी आस पड़ोसी कर रहे थे।

**नरेश कानूनगो.**
**280, राजाराम नगर,**
**देवास.**
**मोबाइल 7760894612**

# भादों की एक रात

## कहानी

भादों का महीना।काली अंधेरी रात।मुसलाधार बारिश। गंगा का विकराल रूप।एक दूजे को पछाड़ती लहरें। सबकुछ उसके गर्भ में।ओर न छोर। उसी के बीच एक मछुआरा नंगे बदन हाथ में चप्पू लिए पूरी शक्ति से धारा से जंग लड़ता । चारों दिशाओं में जल ही जल। बिना घबड़ाए, संतुलन खोए मां गंगा की स्तुति करता नाविक पूरी ताकत और निष्ठा से किनारे आने कि जद्दोजहद करता हुआ।हे गंगा म?ईया पार लग?ईह हे माय।, मेरे साजन हैं उस पार....अलापता पानी के लहरों पर क?ई पोरसा उपर, और अगले ही क्षण धार के साथ क?ई हाथ नीचे। अस्तित्व की लड़ाई लड़ता ।मछली की पोटली कसकर बांधा वही उसकी जमा-पूंजी जो थी।



पराक्रम के आगे तूफान क्या? किनारे लगते ही सधे हाथों से नौका को बांध दिया। अंधेरे में अभ्यस्त आंखें। पीठ पर जाल, मछली की पोटली, नंगे बदन, घनघोर अंधेरा, लगातार बारिश,पांव ठीक झोंपड़ी के आगे रूकी। इंतजार करती भार्या।झट से बांस का फाटक हटा गृहस्वामी को अंदर खींच लिया।क्षणभर आंखें मिलीं। क्या कहना, क्या सुनना। घरवाली की आंखें मछली की मात्रा देख चमक उठी।कल्ह इसे बेचकर घर जरूरत का सामान खरीदूंगी जान जोखिम में डालकर लाया या कैसे?उसे तो गृहस्थी चलानी है। बच्चों का पेट भरना है । बूढ़ी सास की दवा लानीहै।

हाथ मुंह धो पति खाने बैठा। तृप्त भाव से चाट पोंछ,रूखासुखा खाता अपनी खांसतीबूढ़ी मां, नींद में सपने देख हंसते बच्चे और प्रतिक्षारत पत्नी के समक्ष समस्त आपदाओं को भूल गया। गृह स्वामी होने कि भाव, तुमने खाया। बिना तुम्हें खिलाए ,खाया है कभी।मानिनी का



डा उर्मिला सिन्हा
रांची झारखंड

गौरव पूर्ण ज़बाब। मां और बच्चों ने हां,वे सभी खाकर सोये हैं। संतोष और आनंद से भर उठा मछुआरा।आखिर कार मैं घर का मालिक हूं। परिवार की जरूरतों को पूरा करना मेरा धर्म है। अपनों की जिम्मेदारी और प्रेम-भाव विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की शक्ति देता है। रसोई समेट गृहिणी नींद से बोझिल हाथ जोड़ विनती करने लगी,मेरे सुहाग की रक्षा करना ,हे गंगा माई। दोनों हाथ स्वत जुड़ गए। मां गंगा का विकराल रूप, रोजी-रोटी कमाने की मजबूरी, जीवन रक्षा हेतु जद्दोजहद सब तिरोहित हो चुका था। दाम्पत्य प्रेम का अनुपम उदाहरण।

## कहानी

# विवश स्वामीभक्ति



बेटे ने पूछा, पापा, यह कौन है ? मंत्री पिता ने कहा, ये हमारा सुरक्षा गार्ड है। पर इसके हाथ में बंदूक क्यों है ? बेटे ने नया प्रश्न किया। बेटा, इसी से तो वह हमारी रक्षा करेगा। पिता ने समझाना चाहा। किससे ? जो हम पर हमला करने की कोशिश करे, उससे। यदि इसने हमीं पर गोली चला दी तो ? बेटे ने आशंका व्यक्त की। नहीं बेटा, यह ऐसा नहीं करेगा। क्योंकि यह हमारा आदमी है। पिता ने



विश्वास दिलाया। यह हमारा आदमी कैसे है, पापा ? तनख्वाह तो सरकार देती है। हम तो इसे कुछ भी नहीं देते। मम्मी इसे चाय तक नहीं देती। इसकी बेटी बीमार थी। इसने पैसे माँगे। आपने नहीं दिए। फिर यह हमारा आदमी कैसे हो सकता है ? पापा, हमें यह गोली मार देगा। इसे हटा दो। बेटा डरा हुआ था। मंत्री जी को तैश आ गया। बच्चे को डाँटा, क्या बेवकूफों जैसी बातें करते हो ? इसकी नौकरी, इसका कैरियर मेरे हाथों में है। इसकी मजबूरी है कि यह हमारी रक्षा करे। यह ऐसा-वैसा कुछ नहीं करेगा। समझे ? समझ गया, पापा। जैसे बंदूक की नाल इसके हाथ में है। वैसे ही, इसके भविष्य की नाल आपके हाथ में है। यह हमारा नुकसान नहीं करेगा। पूरी बात समझते हुए बेटे ने निश्चिन्त स्वर में कहा।

**ज्ञानदेव मुकेश वर्मा**

## लघुकथा

# आत्म सम्मान

दिन, मास, वर्ष बीत गए पर उनकी जिद्द कायम रही । क्यों ? किस बात को लेकर जिद्द ? माया ने सुमेधा से पूछा । अब क्या बताऊं माया , बात छोटी सी, बहुत ही छोटी , पर बन गई विकराल । एक दिन हंसी हंसी में मैंने बोल दिया कि उनकी बहन ने उस पराए मर्द के साथ क्यों पलायन किया था। बस, उनका क्रोध सातवें आकाश पर चढ़ गया। तुम कैसे कह सकती हो कि सच में मेरी बहन ने पलायन किया ही था? कौन सा आधार है तुम्हारे पास । वे उबल पड़े । अरे , मैंने मजाक में ऐसी बात कही । सुमेधा बोली । इस तरह का मजाक मुझे पसंद नहीं, समझी क्रोध में बोल कर वे बाहर निकल गए । मुझे उनके अति क्रोध पूर्ण रूप पर तथा स्वयं पर बड़ा पश्चाताप हुआ। मुझे ऐसा नहीं बोलना चाहिए था पर मैंने तो मजाक में ऐसी बात कही थी। बस एक ही विचार मेरे हृदय में ज्वार भाटे की तरह उबल रहा था नारी को सशक्त होने का तगमा जितना भी क्यों न दिया जाए नारी सर्वदा निर्बल है और रहेगी । पुरुष नारी को सदा सर्वदा निर्बल देखना चाहता है क्योंकि उसकी आत्म मर्यादा पर ठेस पहुंचती है न।

**हीरा लाल मिश्रा**

## इकतारा बोले....



डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम
9394290204



## ज्ञान हम बांटेंगे

अखबार पढ़ रहा था कि कि छोटू आया। बोलने लगा  भैया ज्ञान बांटने से बढ़ता है और धन बांटने से घटता है न? लेकिन यहाँ तो सबकुछ उल्टा ही हो रहा है। धनबांटने से नेताओं का बढ़ रहा है और उनका ज्ञान कम हो रहा है। अपना धन बांटे तो कम होगा न? दूसरों का पैसा बांटोगे तो तुम्हारा धन कैसे कम होगा?  रही बात ज्ञान की तो  पढ़ा लिखा होना, पढ़े लिखे दिखने और शिक्षा से संस्कार पाने में अंतर है छोटू। आजकल नकली प्रमाणपत्र और धौंस से कुछ लोग पढ़े लिखे कहलाने के लिए जोर मार रहे हैं। तीन तेरह कर रहे हैं। शिक्षा, संस्कार और आज के ज़माने के लिए उपयुक्त शब्द नहीं हैं। तो किसलिए इनके पीछे पड़े हो और मुझे फ्राई कर रहे हो भैया। यह इसलिए कि आज जब विरोधी, विपक्ष के लोग हार जाते हैं तो पिल पड़ते हैं राशन पानी लेकर कि देखो हम महान हैं, महान क्या महानतम हैं।  तुम कीट हो, तुच्छ हो, बेकार हो और किसी काम के नहीं हो। लेकिन सारे ऐसे  तो नहीं होते। यहीं आते हैं  संस्कार और शिक्षा जैसे सकारात्मक शब्द। अब मैं समझ गया भैया आपके कहने का तात्पर्य। अमेठी के पराजित प्रत्याशी को कुछ भी गलत न कहने का अपने कार्यकर्ताओं को निर्देश देने वाले रायबरेली के विजयी प्रत्याशी और एक राष्ट्रीय दल के नेता के विषय में बात हो रही है। तुम बड़े इंटेलिजेंट हो छोटू। तभी इतनी देर बाद समझ सके हो। वाह। मेरी बात सही पकड़े हो। लेकिन यह बात और है कि देश के जाने माने नेता तो पिछले दस सालों से  हर बात पर विरोधियों और विपक्षियों को गाली गलौच से सुशोभित करते रहे हैं। सिवाय कटु और कठोर शब्दों के अलावा उन्हें गरियाने में आनंद नहीं आता। उनकी देखादेखी उनके सहयोगियों का भी यही रवैया है। यहां पता चलता है कौन कितना शिक्षित और संस्कारवान है और कौन नहीं? आपकी बात में दम है भैया। लेकिन दस्तावेजों में तो सारे सुशिक्षित हैं। स्वाभाविक है संस्कारी भी होंगे। असली और नकली में इतना फ़र्क तो होगा न। अब प्रमाणपत्रों के लफड़े में फिर से नहीं जाना है। लेकिन भैया। उनके ज्ञान का भंडार भी बहुत बड़ा है।  हाल ही में सांसद बनी एक फिल्मी नायिका ने कहा हमें 2014 में आजादी मिली जबकि आजादी मिले तब तक अड़सठ साल हो चुके थे। बड़े नेता ने तो गांधी जी को 1982 से जानना बताया। उन्होंने यह भी बताया कि 1983 में ही उन्होंने ईमेल में रंगीन फोटो भेजकर अखबार में छपवाया जबकि उसके डेढ़ दशक बाद ईमेल और वह सुविधा शुरू हुई थी। ऐसे शिक्षित ज्ञानियों से हम संस्कार और शालीनता की अगर उम्मीद करते हैं, तो हम अज्ञानी हैं। फिर ऐसे अज्ञानियों और अल्पज्ञानियों से उम्मीद क्या करें जो गांधीजी को 1982 के बाद ही  जानने का ढिंढोरा पीट रहे हैं।  भैया चलिये इससे बेहतर है हम मॉर्निंग वॉक कर लें, उसी में फायदा है वरना इस दुनियाँ में रखा क्या है।





# 'एआई' का खतरा हमारे सिर पर, नहीं संभले तो उद्योग से लेकर घर-बार तक तबाह हो जाएंगे

## आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को लेकर इस्कॉन के मोटिवेशनल स्पीकर स्वामी अमोघ लीला दास की दिलचस्प व्याख्यान

**इंदौर ।** एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) नामक बहुत खतरनाक बीमारी दुनियाभर में फैल रही है। उद्योग, धंधे, नौकरी, परिवार, शिक्षा से लेकर हर क्षेत्र में इसके दुरुपयोग के साथ-साथ इसके खतरे भी बढ़ते जा रहे हैं। अभी तो यह प्रारंभिक दौर है, लेकिन इसके बाद जब एआई नाम का यह वायरस तेजी से घर-घर तक फैलेगा, तब कितनी भीषण और भयावह स्थिति बनेगी, कहा नहीं जा सकता। आज भारत जैसे देश में जहां धर्म, संस्कृति, नीति और मर्यादा पर हमारे परिवार टिके हुए हैं, वहां इस आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ने तबाही मचा रखी है। परिवार बिखर रहे हैं। युवा आत्महत्या कर रहे हैं। रोजगार से वंचित लोग गुमराह होकर अपराध की दुनिया में पहुंच रहे हैं। साइबर क्राइम के मामले भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इस स्थित में समय रहते हमने सजगता नहीं बरती तो इसके खतरनाक दुष्परिणाम हम सबको झेलना पड़ेंगे। अपने दिलचस्प अंदाज में स्वामी अमोघ लीला दास ने कहा कि ' एआई ' ने एक नया खतरा पैदा कर दिया है। दुनिया के सामने आज सबसे बड़ा खतरा ' एआई ' का हो गया है। आप इस खतरे के कारण कहीं भी सुरक्षित नहीं है। घर, बाहर, दुकान, नौकरी, शिक्षा, यात्रा से लेकर जहां कहीं आपकी व्यस्त दिनचर्या है, आपके आसपास यह खतरा मंडराता रहेगा। वाईफ भले ही नहीं मिले, लेकिन वाईफाई आजकल जरूरी है। आज हमारे परिवार इसी कारण से बिखर रहे हैं। सास-बहू के बीच, देरानी-जेठानी के बीच, बहन-भाई के बीच मतलब यह है कि कोई सा भी रिश्ता ऐसा नहीं बचा है, जो इस खतरे से अछूता रहा हो। अनेक युवकों ने आत्महत्या भी की है। देश -विदेश में 46 हजार लोगों की नौकरी इस ' एआई ' ने छीन ली है। नतीजा यह है कि अनेक युवा प्राण त्यागने पर मजबूर हैं। आने वाले समय में हमें इसके और भी भयावह परिणाम मिल सकते हैं। आज सबसे ज्यादा इस खतरे से हमारा युवा वर्ग प्रभावित हो रहा है। हमारा युवा अपनी सारी रचनात्मकता और प्रतिभा को इस खतरे के सामने बौना समझ रहा है। मतलब यह कि आपकी तमाम डिग्रियां इस खतरे के सामने कोई मायने या महत्व नहीं रखती। यह ऐसा खतरा है, जो समाज के किसी भी वर्ग को प्रभावित किए बिना नहीं रहेगा। इस्कॉन दिल्ली से जुड़े मोटिवेशनल स्पीकर संत अमोघ लीला दास ने रविवार शाम बास्केट बाल काम्प्लेक्स पर आयोजित ' आनंदम 3.0 ' सेमिनार में एआई' के युग में प्रेम और आध्यात्मिकता जैसे दिलचस्प विषय पर अत्यंत रोचक और प्रभावी अंदाज में एआई के खतरों से खचाखच भरे सभागृह को अवगत कराया। इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामन दास के सानिध्य में सांसद शंकर लालवानी के आतिथ्य में पुलिस की अपराध शाखा के उपायुक्त राजेश दंडोतिया, समाजसेवी अनिल भंडारी, प्रणव संघवी, वृंदावन से आए राधाश्याम प्रभु, कृष्ण अर्चन प्रभु, अद्रिधरण प्रभु, अच्युत गोपाल प्रभु, कृष्णार्चन प्रभु, प्राणेश्वर प्रभु, रणवीर कृष्ण प्रभु, म.प्र. औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष योगेश मेहता, डॉ. मनीष पटेल, किशोर जायसवाल सहित इस्कॉन इंदौर के संतों ने उनका स्वागत किया। मीडिया प्रभारी हरि अग्रवाल ने सभी अतिथियों का परिचय स्वामी अमोघ लीला दास से कराया। संचालन इस्कान इंदौर के प्रभु अद्रिधरण एवं मुंबई से आई महासुंदरी माताजी ने किया। स्वामी अमोघलीला दास का व्याख्यान सुनने के लिए बास्केट बाल काम्प्लेक्स का सभागृह एवं गैलरी तो खचाखच भरा ही रहा, उनके व्याख्यान के दौरान सैकड़ों बार ठहाके भी लगे। इस दौरान इस्कॉन के रॉक बैंड पर भक्ति संगीत की प्रस्तुति पर युवाओं ने खूब आनंद भी लिया। अंत में रणवीर कृष्ण प्रभु ने आभार माना।  रॉक बैंड पर भजन संकीर्तन के बीच प्रसादम वितरण के साथ समापन हुआ।

## सिद्ध विजय गणेशका स्वर्णेश्वर गणेश के रूप में श्रृंगार



**इंदौर,।** मरीमाता चौराहा स्थित श्री सिद्ध विजय गणेश मंदिर पर रविवार की शाम को नित्य नूतन श्रृंगार की श्रृंखला में गणेशजी को  स्वर्णेश्वर गणेश के रूप में श्रृंगारित किया गया । मंदिर के पुजारियों ने अथक परिश्रम से भगवान गणेश का उक्त श्रृंगार किया। इसके पूर्व 11 विद्वानों ने मेवा-मिष्ठान का भोग समर्पित कर महोत्सव का शुभारंभ किया।भजन संध्या में आए कलाकारों का स्वागत विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व पार्षद राजेन्द्र शुक्ला, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, यश शुक्ला, बब्बी शुक्ला, दीपेन्द्रसिंह सोलंकी आदि ने किया।  देर रात तक हजारों श्रद्धालु भजन संध्या का आनंद लेते रहे।

## टैक्स बकाया होने पर आरटीओ ने की जेसीबी जब्त

**इन्दौर।** आरटीओ उड़नदस्ते ने चेकिंग के दौरान एक जेसीबी का तीन लाख रुपए टैक्स बकाया पाएं जाने पर जेसीबी जब्त कर ली। आरटीओ प्रदीप शर्मा के अनुसार उड़नदस्ता पीथमपुर के पास गाड़ियों की चेकिंग कर रहा था इस दौरान एक जेसीबी क्रमांक एमपी-09- जीएफ-8924 वहां से गुजरी। टीम ने जब उसे रूकवा उसके कागज देखे और ऑनलाइन टैक्स की पड़ताल की तो पता चला कि जेसीबी इंदौर के कमलसिंह मंडलोई के नाम रजिस्टर्ड है और 2019 से उसका टैक्स जमा नहीं किया था जो कि करीब तीन लाख रुपए बनता है। जेसीबी मालिक ने जेसीबी के रजिस्ट्रेशन के समय ही एक बार टैक्स जमा कराया था। जब्ती की कार्रवाई करते टीम ने  जेसीबी जब्त कर नायता मुंडला आरटीओ परिसर में खड़ी कर दी है। पूरा पैसा जमा होने पर ही जेसीबी छोड़ी जाएगी।

## सामाजिक कार्यकर्ता एवं एडवोकेट जूही जायसवाल लैंगिक उत्पीड़नात्मक समिति की न्यायिक सदस्य नियुक्त



**इलाहाबाद राष्ट्रीय जनभावना।** शहर की सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता जूही जी जायसवाल अधिवक्ता को कार्यक्षेत्र पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़नात्मक समिति* की तीन वर्ष के लिए न्यायिक सदस्य* बनाया गया है । जूही जी जायसवाल को इस पद पर नियुक्त किए जाने पर अविनाश जायसवाल पूर्व गवर्निंग काउंसिल एचसीबीए, ध्यानशंकर पांडेय, राधेश्याम यादव, उत्कर्ष गुप्ता आलोक कुमार शुक्ल पूर्व संयुक्त सचिव एचसीबीए, शैलेन्द्र कुमार पांडेय अध्यक्ष डी आर टी बार एसोसिएशन,  पवन मिश्र, संजय गुप्ता, अर्पिता तिरुमली, शैलेश पांडेय, अरविंद पाल आदि अधिवक्ता गणों ने बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं। दी है।

### किसान सदस्यता महाभियान

# भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री व सदस्यता अभियान प्रदेश प्रभारी श्री विनोद तावड़े, राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री महेन्द्र पाण्डेय, प्रदेश प्रभारी श्री महेन्द्र सिंह, मंत्री तुलसीराम सिलावट ने किसानों को सदस्यता बनाया

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।**

भाजपा द्वारा किसान सदस्यता महाभियान के अंतर्गत आज सांवेर विधानसभा में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व सदस्यता अभियान प्रदेश प्रभारी श्री विनोद तावड़े, राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री श्री महेन्द्र पाण्डेय, प्रदेश प्रभारी श्री महेन्द्र सिंह, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने ग्राम धनखेड़ी में किसान भाइयों को भाजपा का सदस्य बनाया।  राष्ट्रीय महासचिव श्री विनोद तावड़े, श्री पाण्डेय, श्री सिंह और श्री सिलावट ने सांवेर विधानसभा के ग्राम धनखेड़ी के बूथ क्रमांक 162 में खेत में जाकर कार्य कर रहे किसान भाइयों को मोबाइल के माध्यम से सदस्यता दिलाकर जोड़ने का काम किया।  इसके पूर्व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव श्री तावड़े ने कहा कि हम पार्टी के कार्यकर्ता है, कार्यकर्ता होने के नाते हमारा दायित्व है, कि संगठन द्वारा दिये जा रहे कार्यों को पूर्ण करें। सदस्यता अभियान भी पार्टी के प्रमुख कार्यों में से है, इसलिए कार्यकर्ता होने के नाते हमारा दायित्व है, कि प्रतिदिन कुछ समय सदस्यता अभियान के लिए भी दे। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रवास से ही संगठन का विस्तार हुआ है। हमारे पूर्वजों ने संगठन को गढ़ने के लिए निरंतर प्रवास किए, तब जाकर आज यह वटवृक्ष के रूप में दिखाई दे रहा है।  उन्होने कहा कि सदस्यता अभियान हमारा पर्व है, इस पर्व में हम अपने अपने बूथों पर जाकर पार्टी की रीति नीति और हमारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और राज्य की डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों और कार्यों को लेकर जाए और उन्हें जोड़ने का काम करें, क्योंकि हमारे भाग्य में लिखा है, कि भाजपा से जुड़ने से हम विकसित भारत की यात्रा से जुड़ पाए। उन्होनें कहा कि हमें लगता है, आजादी के समय हम नहीं थे, अगर होते तो गांधी जी के नेतृत्व में आजादी के लिए काम करते, नौजवान मिलते है वह कहते है, कि राम मंदिर आंदोलन के समय हम नहीं थे, अगर होते तो आंदोलन में हमारी भी भूमिका होती, थोड़ी कारसेवा हम भी कर लेते, वैसे ही भारत विकसित राष्ट्र होने जा रहा है, हमारा सौभाग्य है, कि इस यात्रा में शामिल होने का गौरव हमें प्राप्त होने जा रहा है। प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह जी ने कहा कि देश् के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने संकल्प लिया है, कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत शक्ति शाली राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है, आज दुनिया में सिर्फ तीन ही ऐसे देश है,जो घर में घुस कर मारते है, अमरीका, इजराइल और भारत, मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने जल थल और जल हर क्षेत्र में शक्ति संपन्न हुआ है, तो चांद पर भी तिरंगा लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर आपकी रंगो में भारत माता का खुन बह रहा है, आप भारत माता कि सच्ची सेवा करना चाहते है तो कमल के फूल को चुनिए, क्युकी कमल का फूल संविधान में भी है, कमल का फूल भाजपा का निशान भी है, कमल के फूल पर ही लक्ष्मी जी सवार होकर आती है, समृद्धि का प्रतिक भी कमल का फूल है।  उन्होने कहा कि मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओ की प्रशंसा पूरे देश में होती है, निश्चित रूप से  अपने परिश्रम से सदस्यता अभियान का लक्ष्य प्राप्त करेगा। मध्यप्रदेश का किसान हमारा भगवान है, मोदी जी ने कहा जब स्मार्ट विलेज़ होंगे तभी तो न्यू इंडिया का सपना साकार होगा, ग्रामोदय होगा तभी तो भारत का उदय होगा, अगर देश को समृद्ध राष्ट्र के रूप में देखना है, विकसित भारत के रूप में देखना है तो कमल के फूल के निशान वाली भारत माता को परम वैभव के शिखर पर ले जाने वाली पार्टी भाजपा के सदस्य बनकर विकसित भारत के संकल्प में सहभागी बने। राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री श्री महेन्द्र पाण्डेय और मंत्री तुलसीराम सिलावट ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री राहुल कोठरी, देवराज सिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, अंतर दयाल, अनंत पंवार, सुधीर भजनी, सुमेर सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।





# हजारो ब्राह्मणों ने किये भगवान परशुराम के दर्शन

**इंदौर (मनीष शर्मा)।** ब्राह्मण समाज के हजारो विप्र भगवान परशुराम के दर्शन के लिए 20 जिलों से लगभग 400 वाहनों के साथ भगवान परशुराम जी की जन्मभूमि जाना पाव पहुंचे ।श्री परशुराम सेना प्रदेश अध्यक्ष पंडित अनूप शुक्ला ,पंडित अनूप बाजपेई ने बताया कि प्रदेश के 20 जिलों के जिसमें दमोह ,सागर, रीवा, सतना, मैहर, भोपाल ,विदिशा नीमच ,उज्जैन व अन्य जिलों सहित इंदौर जिले से भी लगभग 75 गाड़ियां यात्रा में सम्मिलित हुई जिसमे नगरीय प्रशासन मंत्री  कैलाश विजयवर्गी द्वारा जानापाव पर ब्राह्मणों के स्वागत एवं भोजन की व्यवस्था की गई वहीं इंदौर में विधायक रमेश मेंदोला  द्वारा पित्र पर्वत पर सभी ब्रह्म शक्ति का स्वागत सत्कार एवं भोजन प्रसादी की गई साथ ही कलानी नगर पर श्री परशुराम सेवा समिति बिन्दा मिश्रा ,दीपू मिश्रा,प्रदीप बाजपेई, विजय शर्मा, पंडित पंकज तिवारीऔर अंतिम चौराहे पर श्री परशुराम युवा सेना के अनुकूल अवस्थी ,आयुष बाजपेई, रितेश शर्मा द्वारा साथियों के साथ में स्वागत किया गया, राऊ में मुकेश पाठक ,सुभाष दुबे, मायाराम शर्मा,के द्वारा स्वागत किया गया, पीथमपुर में  पंडित राजू शर्मा और प्रदीप द्विवेदी द्वारा स्वागत किया गया साथ ही जानापाव पहुंचकर सभी ब्राह्मणों द्वारा भगवान परशुराम जी एवं भोलेनाथ जी की महा आरती की गई और ब्राह्मण एकता का संकल्प लेते हुए ब्राह्मण एकता जिंदाबाद ब्राह्मण जब-जब बोला है राज सिंह डोला है आदि नारों के साथ में जयकारा लगाया गया भोपाल के वरिष्ठ गौरी शंकर  शर्मा, रामनारायण अवस्थी मनोज देवलिया, जयराज सिंह पुरोहित, सुरेंद्र चतुर्वेदी, राजीव शुक्ला आदि वरिष्ठ सहयोगी शामिल हुए। परशुराम सेना की ओर से प्रदेश प्रवक्ता दीपक शुक्ला , ब्राह्मण सेवा संगठन के सतेंद्र शर्मा,शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा ,महासचिव राजेश दुबे,उपाध्यक्ष पप्पी शर्मा कोषाध्यक्ष बबल जोशी, गौतम तिवारी शुभम पांडे मुरली जोशी आदि लोगों द्वारा सभी का स्वागत सत्कार किया गया।



## अ.भा. वैश्य परिचय सम्मेलन में 10 हजार से अधिक प्रत्याशी एवं पालक आएंगे - तैयारियां अंतिम दौर में

**इंदौर ।** म.प्र. वैश्य महासम्मेलन द्वारा 21 - 22 सितम्बर को रिंगरोड, स्कीम 71 स्थित दस्तूर गार्डन पर होने वाले अ.भा.वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियां अब अंतिम दौर में पहुंच चुकी हैं।

पिछले चार परिचय सम्मेलनों की सफलता को देखते हुए आयोजन समिति को भरोसा है कि 10 हजार से अधिक प्रत्याशी एवं पालक इस सम्मेलन में आएंगे। अब तक देश के हिन्दी भाषी राज्यों से 7 हजार से अधिक प्रविष्ठियां मिल चुकी हैं। इनमें लगभग सभी प्रत्याशी उच्च शिक्षित, डॉक्टर्स, सीए, इंजीनियर्स, एमसीए, एमबीए जैसी उपाधियों से विभूषित हैं। रविवार को दस्तूर गार्डन पर आयोजन समिति की बड़ी बैठक हुई, जिसमें सभी तैयारियों की समीक्षा कर उन्हें अंतिम रूप दे दिया गया है।  म.प्र. वैश्य कल्याण ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल के मार्गदर्शन में परिचय सम्मेलन की लगभग सभी तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच चुकी हैं। परिचय सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश मित्तल, प्रमुख संयोजक अरविंद बागड़ी, जिलाध्यक्ष धीरज खंडेलवाल, संयोजक राजेश गर्ग एवं शिव जिंदल ने बताया कि दस्तूर गार्डन पर आयोजित बैठक में भोजन, मिलन सम्पर्क, मंच संचालन, स्टूडियो, प्रशासनिक समिति, परिचय पुस्तिका वितरण, नवीन पंजीकरण, क्लाक रूम आदि सभी प्रमुख समितियों के प्रभारियों ने अब तक की गई तैयारियों का ब्योरा दिया ।

## सेल्फी ले रहे थे, बदमाश ले भागे मोबाइल

**इंदौर।** सेल्फी ले रहे युवकों से दो बदमाश मोबाइल छीन कर भाग गए। इस मामले में पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है। एमजी रोड पुलिस के मुताबिक अयान खान ने बताया कि वह अपने दो दोस्त अब्दुला और अरशान के साथ गांधी हॉल घूमने गया था। शनिवार रात करीब 11.30 बजे सेल्फी ले रहे थे। इसी दौरान वहां पर दो युवक पहुंचे। उन्हौंने पहले आपस में झगड़ा किया। इसके बाद वे अयान और अब्दुला से विवाद करने लगे। आरोपियों ने दोनों के मोबाइल छीन लिए और धमकाते हुए वहां से भाग गए। बाद में पीड़ित युवक थाने पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने चोरी की धाराओं में केस दर्ज किया है।

## टक्कर के बाद विवाद, जमकर पीटा

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** बेटे के साथ जा रहे बाइक सवार को रांग साइड आए बाइक सवार तीन आरोपियों ने टक्कर मार दी। जब आरोपी चालक को समझाया तो उसने साथियों के साथ मिलकर जमकर पीटा और उठाकर जमीन पर पटक दिया। इससे फरियादी का सिर फूट गया। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना देवास नाका चौराहा पर हुई। घायल का नाम रामकृष्ण पिता जगदीश राठौर निवासी सिलीकान सिटी हाल मुकाम राहुल गांधी नगर है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी मुकद्दस निवासी खजराना और दो अन्य साथी पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं अपने बेटे को साथ लेकर मोबाइल चार्जर लेने देवास नाका चौराहा आया था। उसी दौरान चौराहा पर एक बाइक पर तीन आरोपी रान्ग साइड चौराहा पर एक बाइक पर तीन आरोपी रान्ग साइड मांगलिया तरफ से आए और टक्कर मार दी। इससे मैं और मेरा बेटा गाड़ी सहित गिर पड़े। मैंने बाइक चालक से कहा कि गाड़ी देख कर नहीं चला सकते। इसी बात पर उसने गालियां दी और इसके बाद उसके अन्य साथी भी बाइक से उतरे और हाथ थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। मुझे उठाकर पटक दिया जिससे सिर में चोट लगकर खून निकलने लगा। जाते जाते आरोपियों ने धमकाया कि आइंदा हमसे उलझा तो जान से खत्म कर देंगे।

## शराब के लिए किया घायल

**इंदौर।** शराब पीने के पैसे न देने पर बदमाश ने एक व्यक्ति की साइकिल छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने हमलाकर उसे घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। थाना राऊ पुलिस के मुताबिक वारदात कमल नगर में शिव मंदिर वाली गली के सामने हुई। संतोष पिता मुरार सितोले निवासी बृज बिहार कालोनी रंगवासा फाटा की रिपोर्ट पर आरोपी शक्ति मालवीय निवासी नर्मदा रोड पर केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने मुझे रोका और बोला कि शराब पीने के लिए पैसे दो। मैंने बोला कि मेरे पास पैसे नहीं है। इस पर वह बोला कि रूपए नहीं हैं तो तेरी साइकिल दे। मैंने साइकिल देने से मना किया तो आरोपी ने गालियां दी और लात घूसों से मारपीट कर दी। हमले में मुझे चोट लगी।

## भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न



**इंदौर।** श्याम सुंदर सोनी अनिल सोनी) प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार कोभाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ द्वारा व्यापारिक संगठन एवं सामाजिक संस्थाओं की बैठक भाजपा नगर संयोजक श्री धीरज खंडेलवाल के निवास पर आयोजित की गई जिसमें प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे शामिल हुए उक्त बैठक में कई महत्वपूर्ण चर्चा की गई. बैठक की जानकारी इस प्रतिनिधि को पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता ने दी.

## नाले में कूदा चोर, लोगों की मदद से बाहर निकला

**इंदौर।** पंचकुईया के नाले में एक युवक गिर गया। जिसे लोगो ने बाहर निकाला। लोगो ने उसे अपराधी बताया। जो पुलिस से बचने के लिये भाग रहा था। हालाकि पुलिस ने इस बात की पुष्टी नही की है कि वह आरोपी है। मल्हारगंज इलाके के भूतेश्वर मंदिर रोड़ पर पंचकुईया के यहां एक युवक के नाले में गिरने और उसे बाहर निकालने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। बताया जाता है कि युवक नाले में कूद गया था। जिसे स्थानीय लोगो ने बाहर निकाला। वहां मौजूद लोगो का कहना था कि वह अपराधी है। पुलिस से बचने के लिये भागा था।

## मेले में लड़कियों पर हमला

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** तेजाजी महाराज के मेले में पहुंचे परिवार की लड़कियों से क्षेत्र में ही रहने वाले कुछ बदमाशों ने जमकर मारपीट की है। मामूली बात पर दोनों पक्षों के बीच कहा सुनी हुई थी, जिसके बाद लड़कियों को निशाना बनाया गया है। राऊ थाने में मलखान पिता राम प्रसाद कोहली निवासी नयापुरा रंगवासा राऊ की शिकायत पर आरोपी पप्पू, कृष्णा, गोवर्धन और पवन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। मलखान ने पुलिस को बताया कि बीती रात तेजाजी महाराज के मेले में वह परिवार के साथ पहुंचे थे। उनके परिवार की पांच लड़कियां भी उनके साथ थी। उनकी बहन के साथ पहले आरोपियों ने गाली गलौज कर बेवजह विवाद किया। आरोपियों को समझाने की कोशिश की गई लेकिन वह नहीं माने, तब लड़कियां मेला छोड़कर घर जाने लगी रास्ते में आरोपियों ने दोबारा पीड़ित परिवार की लड़कियों को घेर लिया और फिर से विवाद कर बेल्ट और हाथ मुक्कों से मारपीट की। इस घटना के बाद क्षेत्र में हंगामे की स्थिति भी बन गई थी। पुलिस ने तुरंत ही मोर्चा संभाला और आरोपियों को हिरासत में लिया है।

## दहेज प्रताड़ना- दो मामले दर्ज

**इन्दौर ।** अलग अलग थाना क्षेत्रों की दहेज पीड़िताओं की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। सपना बरगट निवासी गांगलियाखेड़ी की रिपोर्ट पर उसके पति कुलदीप निवासी आनंद नगर के खिलाफ बड़गोंदा थाने में केस दर्ज किया है। पीड़िता सपना ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि शादी के बाद से ही उसको सताया जा रहा था और परेशान किया जा रहा था। मुलजिम ने सामान की लिस्ट के साथ कुछ शर्तें रख दीं और कहा कि जब तक ये पूरी नहीं होंगी, तुम्हें नहीं रखूंगा। जबकि शादी में नकदी के साथ गृहस्थी का भी पूरा सामान दिया था। वहीं किशनगंज थाने में पीडिता बिंदु चौहान निवासी वृंदावन कालोनी की रिपोर्ट पर विशाल चौहान, प्रीति तिवारी के खिलाफ दहेज का केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को दर्ज अपनी शिकायत में बताया कि शादी के बाद से ही पति और रिश्तेदार उसे सताते कम दहेज मिलने पर ताने दे रहे थे। उसे यह कहकर घर से बेदखल कर दिया कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी, पैसा नहीं लाएगी तो घर में नहीं रखेंगे। परिवार के बुजुर्गो ने सुलह की कोशिश भी की लेकिन रास्ता नहीं निकल पाया मजबूर होकर थाने में रिपोर्ट लिखाई।

# कांग्रेस नेताओं ने सोयाबीन के दाम 6000 करने की मांग को लेकर निकली ट्रैक्टर रैली सुसनेर राकेश बिकुंदिया






**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना।** कांग्रेस ने सोयाबीन के समर्थन मूल्य को 6000 रुपए करने की मांग को लेकर रविवार को सुसनेर विधानसभा में विधायक भैरोसिंह परिहार बापू के नेतृत्व में किसान न्याय यात्रा निकालकर किसानों की आवाज उठाई। इस दौरान नलखेडा से लेकर सुसनेर तक 25 किलोमीटर लंबी ट्रैक्टर रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया।

रैली का उद्देश्य मध्य प्रदेश सरकार पर सोयाबीन के दामों में वृद्धि का दबाव बनाना था। कांग्रेस नेताओं ने इस मौके पर बीजेपी सरकार पर किसानों से अत्याचार करने का आरोप लगाया। कांग्रेस की रैली की शुरुआत नलखेडा से की गई जिसका समापन सुसनेर के मीडिल स्कूल ग्राउंड में हुआ। यहा सभा का आयोजन किया गया। जिसको प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सम्बोधित करते हुएं भाजपा सरकार को आढे हाथो लिया और कहां की आज जो कृषि मंत्री है उन्होने किसानो की आय को दोगुना करने का वादा किया था उल्टे घट गई। यह प्रदेश माफियाओ का प्रदेश बन गया है। जिलों में जिन अधिकारीयो की पोस्टिंग की गई उनका नार्को टेस्ट करवा दो, यदी में गलत हुआ तो कार्रवाई करो, नहीं तो सीएम मोहन यादव जी को इस्तिफा देना चाहिए। उन्होने कहा की लाडली बहनो को 3 हजार दिये जाने का वादा किया था किसी को नहीं दिये। महाराष्ट्र में चुनाव है तो बीजेपी ने घोषणा की हम एमएसपी पर सोयाबीन खरीदेंगे वो भी 4800 में और कहां की राज्य




सरकार कहेगी तो हम स्वीकार करेंगे। इन्होने दो दिन पहले जो बाहर से सोयाबीन का किचन आईल आता था उस पर टैक्स बढा दिया ताकि सोयाबीन महंग हो जाए, लेकिन 10 साल से आप इस ऑइल को बाहर से क्यों मंगवाते रहे। इतने सालो तक किसानो का नुकसान होता रहा इसका दोषी कोन शिवराजसिंह चोहान है भाजपा पार्टी है। ये ऑइल लाता कौन था अडानी एग्रो और उसी को बाबा रामदेव भी बेच रहे है। जिन्होने कहां थी कालाधन आपके घर पहुंचा रहे थे। उन्ही बाबा रामदेव ने बाहर से ऑइल मंगवाया और सोयाबीन सस्ती की। अंत में उन्होने गेहू के दाम 3 हजार व सोयाबीन के दाम 6000 प्रति क्वींटल करने की मांग करते हुएं कांग्रेस के द्वारा आंदोलन जारी रखने की बात कही।

सभा को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरूण यादव, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, युवक कांग्रेस प्रदेध अध्यक्ष मितेन्द्र सिंह, पूर्व सांसद नारायणसिंह आमलाबे, तराना विधायक महेश परमार, महिदुपर विधायक दिनेश जैन बौस, आगर के पूर्व विधायक विपीन वानखेडे ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष आशीष त्यागी ने किया और आभार सुसनेर विधायक भैरोसिंह परिहार बापू ने माना। इस अवसर पर बडी संख्या में किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता तथा सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी मौजूद रहा। पेसे लेकर जिन अधिकारीयो की पोस्टिंग की उनका नार्को टेस्ट करवा दो, गलत पाए गए तो सीएम इस्तिफा दे- प्रेसवार्ता में जीतू पटवारी ने कहां

सभा के बाद प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहां की पेसे लेकर के जिन अधिकारीयो की जिलों में पोस्टिंग की गई है उनका नार्को टेस्ट करवा दो, यदी मेरे आरोप गलते सिद्ध हुएं तो में माफी मांगने को तैयार हु, लेकिन यदि मेरे आरोप सही हुऐं तो मोहन यादव जी आपको इस्तिफा देना चाहिए। उन्होने कहां की यह प्रदेश माफियाओ का प्रदेश बन गया है। खनिज, भुमाफिया, शराब माफिया सर चढकर बोल रहा। वल्लभ भवन दलालो और भ्रष्टाचार का अड्डा है। उन्होने कहां की यदि भ्रष्टाचार बंद नहीं होता है, 6000 का दाम नहीं होता है तो सदन के पहले ही दिन कांग्रेस का कार्यकर्ता और किसान भोपाल में वल्लभ भवन और विधानसभा का घैराव करेंगा। प्रदेश के किसानो की सोयाबीन को समर्थन मूल्य पर 6000 प्रति क्वींटल की दर से खरीदने तथा बडे हुएं बिजली के दाम को कम करने की मांग को लेकर सभा के पश्चात मीडिल स्कूल ग्राउंड में राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन कांग्रेस नेताओ के द्वारा एसडीएम मिलिंद ढोके को सोपा गया। इस दौरान तहसीलदार विजय सेनानी, नायब तहसीलदार रामेश्वर दांगी, थाना प्रभारी केसर राजपूत व बडी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा।

# भाभी से किया दुष्कर्म राजस्थान में बेचा

### मामा ससुर के बेटे पर पीड़िता ने दर्ज कराया प्रकरण

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** मामा ससुर के बेटे ने भाभी से दुष्कर्म किया और उसे राजस्थान में बेच दिया। पीड़िता का आरोप है कि यहां पर किसी से उसकी शादी भी करवा दी। भंवरकुआ पुलिस ने पीथमपुर में रहने वाली एक शादीशुदा महिला की शिकायत पर रेप का केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक घटना 14 जुलाई की है। इलाके की एक ऑटो डील शॉप पर कार दिखाने के बहाने राजा सोलंकी अपने साथ पीथमपुर की महिला को लेकर आया। यहां से अपने साथ बहला-फुसलाकर जयपुर ले गया। होटल में रुककर महिला के साथ रेप किया। आरोप है कि इसके बाद में उसने राजस्थान के एक व्यक्ति को उसे बेच दिया। बाद में पीड़िता परिवार के साथ थाने पहुंची। पुलिस ने मामले में गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## शादी का झांसा देकर रूप, रुपए भी ऐंठे

उधर, तिलक नगर पुलिस ने 22 साल की युवती की शिकायत पर रेप करने, धोखा देने और रुपए ऐंठने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से उसकी पहचान यहां किराये से रहने के दौरान हुई थी। तब युवती यहां फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही थी। बाद में आरोपी उसे दिल्ली ले गया। पत्नी बनाकर रखा, लेकिन शादी नहीं की। बाद में पीड़िता इंदौर आ गई और परेशान होकर रेप का केस दर्ज कराया है। तिलक नगर थाना प्रबारी अजय नायर के मुताबिक युवती पेशे से ब्यूटीशियन है। उसने बताया कि वह सतवास की रहने वाली है। 2020 में वह पढाई के लिए इंदौर आ गई। 2021 में उसने बंगाली चौराहे पर किराये का कमरा लिया। उसी दौरान गोपाल विश्वास से मुलाकात हुई। वह मकान मालिक के बेटे का दोस्त है। बातचीत में एक दूसरे को पंसद करने लगे। इसके बाद गोपाल पीड़िता के साथ किराए का घर लेकर लिव इन में रहने लगा। शादी का झांसा देकर कई बार रेप किया। यहां से वह पीड़िता को दिल्ली के वेस्ट विहार में ले गया। वहां पीड़िता की पढाई छुड़ाकर ब्यूटीशयन का काम कराने लगा। गोपाल ने उसके नाम से लोन भी ले लिया।

लेकिन यहां गोपाल को एक युवती से बात करते देख पीड़िता इंदौर आ गई। लेकिन गोपाल यहां उसके पीछे आया और मूसाखेड़ी में किराए का घर लेकर रहने लगा। लेकिन गोपाल यहां भी दूसरी महिला से बात करने लगा। इससे परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की कि गोपाल काफी समय से शादी का झांसा देकर उसे धोखा दे रहा है।

## दो मकानों में घुसे चोर

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** दो मकानों में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। बेटमा पुलिस ने बताया कि चोरी की वारदात धार रोड परशनि मंदिर के सामने मकान में हुई। फरियादी महिपाल सिंह पिता भंवरसिंह राठौर निवासी ग्राम मोथला की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया। अज्ञात आरोपी फरियादी के घर से सोने का लाकेट,एक एयरगन और नकदी रूपए चुरा ले गए। इसी प्रकार तिलकनगर पुलिस ने फरियादी हर्षिल कुमार जैन निवासी ब तावरराम नगर की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि मैं अपने दोस्त प्रदीप वर्मा व प्रतीक जैन के साथ सो रहा था। सुबह 6.50बजे मोबाइल मनें अलार्म बजा तो मैं उसे बंद कर वापस सो गया। सुबह जब नींद खुली तो देखा तो मेरा मोबाइल, दोस्त का लैपटाप, पर्स आदि गायब है। पर्स में तीन हजार रूपए भी रखे थे। इधर थाना भंवरकुआं इलाके में विद्या नगर स्थित सत्कार गर्ल्स होस्टल कैंपस में रह रही फरियादी सदफ खान निवासी बालाघाट का लैपटाप चोरी हो गया। उसने पुलिस को बताया कि वह गणेश पूजा मनें शामिल होने चली गई थी। रात को जब वापस आकर देखा तो लैपटाप गायब था। पुलिस चोरियों की घटनाओं में जांच कर रही है। एक होटल की सीमेंट चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है । मामला किशनगंज थाना इलाके के ग्राम पिगडंबर का है। फरियादी रोहित बाग पिता सुनील निवासी अंजनी नगर विजयनगर की शिकायत पर चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र में उनकी इंद्रलोक नाम से होटल बन रही है । निर्माण काम के लिए सीमेंट की बोरियां बुलवाई थी। करीब 60 बोरी अज्ञात बदमाश कल रात चुरा ले गए । दूसरे दिन साइट पर पहुंचे ठेकेदार को जानकारी मिली जिसके बाद शिकायत दर्ज करवाई गई है।

## शिकायत वापस लेने के लिए मारपीट कर धमकीं देने वाले आरोपी की फिर शिकायत दर्ज

**इन्दौर ।** फ्लैट पर कब्जा करने की नियत समय किराएदारों कोई भड़काने के मामले में आरोपी की शिकायत दर्ज कराने वाली महिला के साथ आरोपी ने मारपीट करते उसे शिकायत वापस लेने के लिए धमकी दी। महिला ने इसके चलते आरोपी के खिलाफ एक और शिकायत दर्ज कराई है। मामला एमआईजी थाना क्षेत्र का है। जहां आरोपी साबिर खान, सलमान खान, सोहेल खान निवासी अनमोल अपार्टमेंट श्रीनगर कालोनी के खिलाफ गोयल विहार कालोनी में रहने वाली महिला की रिपोर्ट पर मारपीट और धमकी का केस दर्ज किया गया है। थाना एमआईजी पुलिस के अनुसार अनमोल अपार्टमेंट में फरियादी के दो फ्लैट हैं, जो किराये पर दे रखे हैं। साबिर खान फ्लैट पर कब्जा करना चाहता है और किरायेदारों को भड़काता रहता है। इस मामले की शिकायत महिला द्वारा एमआईजी थाने में की गई थी। महिला और उसका पति कल जब किराया लेने के लिए अपने फ्लैट पर पहुंचे तो साबिर और उसके रिश्तेदारों ने फरियादी और उसके पति के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कहा कि तूने हमारे खिलाफ शिकायत की है, उसे वापस ले, वरना तेरी हत्या कर देंगे। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# युवक ने लगाई फांसी, चार माह पहले हुई थी शादी

### महिला ने भी बीमारी के चलते दी जान

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** एक युवक ने फांसी लगा ली। देर रात परिवार के लोगों ने उसका शव फंदे पर लटके देखा। परिवार के मुताबिक चार माह पहले उसकी शादी हुई। रविवार को वह अपनी पत्नी को लेने गुना जाने वाला था। इसी प्रकार एक महिला ने भी बीमारी के चलते अपनी जान दे दी।

तुकोगंज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 22 वर्षीय अंकित पिता प्रतापसिंह निवासी रुस्तम का बगीचे ने रात में अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। चचेरे भाई अवतार ने बताया कि रात में वह घर आए तो अंकित किसी का फोन नहीं उठा रहा था। परेशान होकर उन्होंने रात में दरवाजा तोड़ा। अंदर जाकर देखा तो वह फंदे पर लटका मिला। भाई अवतार ने बताया कि चार माह पहले अंकित की शादी गुना में रहने वाली छाया से हुई थी। छठ पूजा को लेकर पत्नी मायके गई थी। रविवार को अंकित उसे लेने जाने वाला था। अंकित मूल रूप से शिवपुरी के पास गांव का रहने वाला था। परिवार में एक भाई अभिषेक है। अंकित ऑनलाइन कंपनी में काम करता था। अवतार के मुताबिक अंकित रात में 9 बजे आया कमरे में चले गया। इसके बाद दरवाजा नहीं खोला। उसने मालिक का कॉल भी नहीं उठाया। रात में विजय नगर में पार्सल की गाड़ी खाली होना थी। तो छोटे भाई अभिषेक से मालिक ने उसके नंबर पर बात की। बाद में अभिषेक और अवतार मौके पर पहुंचे। उन्होंने गाड़ी खाली कराई। लेकिन देर रात उनके आने के बाद भी अंकित ने दरवाजा नही खोला तो घटना की जानकारी लगी।


### महिला ने दी जान

इसी प्रकार लसूडिया में रहने वाली एक महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। रात में पति ने शव को फंदे पर देखा।

# विश्व की सबसे बड़ी ताप्ती जल पुनर्भरण योजना में इंदौर से 40 गुना ज्यादा पानी जाएगा जमीन के अंदर

**इंदौर ।** विश्व की सबसे बड़ी ताप्ती नदी जल पुनर्भरण योजना में जमीन के अंदर प्रदेश के सबसे जागरूक शहर इंदौर से 40 गुना ज्यादा पानी जाएगा । इस योजना का क्रियान्वयन होने से नर्मदा नदी में भी पानी का स्तर बढ़ जाएगा ।

यह जानकारी इंजीनियर मुकेश चौहान ने आज ताप्ती घाटी वृहद भूजल पुनर्भरण योजना पर अपना प्रस्तुतीकरण देते हुए दी । इस कार्यक्रम का आयोजन डेवलपमेंट फाउंडेशन, अभ्यास मंडल और इंडियन वाटर वर्क्स संगठन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । एसजीएसआइटिएस कॉलेज के सभागार में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम में विश्व की सबसे बड़ी वाटर हार्वेस्टिंग की योजना को प्रस्तुत करते हुए इंजीनियर मुकेश चौहान ने बताया कि इस योजना को तैयार करने से पहले बहुत सारी कोशिश की गई । इस योजना से मध्य प्रदेश के दो जिले खंडवा और बुरहानपुर लाभान्वित होंगे । इसके साथ ही महाराष्ट्र के चार जिले भी इससे लाभान्वित होंगे । केंद्रीय भूजल



बोर्ड के द्वारा सबसे पहले 1995 में महाराष्ट्र के जलगांव के यावल में एक योजना लाई गई थी । इसके बाद में 1999 में इस पर स्टडी कराई गई । फिर वर्ष 2014 में भारत सरकार के द्वारा एक कमेटी बनाई गई जिसे ताप्ती नदी क्षेत्र में भूजल संवर्धन के कार्य को स्टडी करने की जिम्मेदारी सौंपी गई । इस कमेटी के द्वारा 2016 में अपनी रिपोर्ट दी गई । इस योजना से दो राज्यों को लाभ मिलना है । ऐसे में महाराष्ट्र सरकार के द्वारा इस योजना के क्रियान्वयन के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करवाई गई है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस ने कहा कि ताप्ती नदी सबसे उम्रदराज नदी है और सतपुड़ा के पहाड़ भी हिमालय से ज्यादा पुराने हैं । महाराष्ट्र राज्य के पूर्व सूचना आयुक्त वी डी पाटील ने कहा कि इस प्रोजेक्ट की डीपीआर बनाने का काम वर्ष 2014 में शुरू किया गया था । महाराष्ट्र में तो अभी भी जमीन में 300 फीट के अंदर पानी आ जाता है लेकिन बुरहानपुर में यह पानी 700 फीट के बाद में आता है । यदि हम कहीं पर छोटा तालाब बनाकर पानी का संग्रहण करते हैं तो यह पाते हैं कि जब तालाब भरा जाता है तो उसका 30 दिन के अंदर वह अपनी जमीन के अंदर चला जाता है । इस योजना को लेकर अब तक 52 बैठक हो चुकी है । लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता के के सोनगरिया ने कहा कि यह योजना इस समय की मांग है । हम जमीन के अंदर से जितना पानी लेते हैं उतना पानी पुनर्भरण के माध्यम से जमीन के अंदर नहीं भेज पा रहे हैं ।

# ईद मिलादुन्नबी पर निकलेगा जुलूस : पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था के लिए डायवर्सन प्लान तैयार, एसपी ने थानों की टटोली नब्ज




**रतलाम।** मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा ईद मिलादुन्नबी का पर्व 16 सितंबर को मनाया जाएगा। ईद मिलादुन्नबी पर निकलने वाले जुलुस का मार्ग प्लान पुलिस प्रशासन ने तय कर रुट जारी कर दिया है। एसपी अमित कुमार ने सभी थानों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। थानों पर बल की जानकारी ली। एसपी कुमार ने बताया कि पुलिस को त्योहार पर मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं। सभी लोगों से संपर्क बनाया हुआ है। मोहल्ला मीटिंग भी की है। सभी शांति पूर्ण त्योहार मनाए इसी पर अभी फोकस है।

## सुबह 8 बजे निकलेगा जुलूस

जुलूस सोमवार सुबह 8 बजे निकलेगा। आबकारी चौराहा से शुरू होकर शहर सराय, अंडागली, नाहरपुरा तिराहा, गोविंद पान वाला, आरोग्यम हॉस्पिटल, नगर निगम, हाथीखाना, मोचीपुरा, हाकिमवाडा, शैरानीपुरा, जमातखाना, आनंद कॉलोनी, कान्वेंट तिराहा, कोर्ट तिराहा, स्टेशन रोड, दो बत्ती, न्युरोड, लोकेंद्र टाकिज, शहर सराय होते पुन- आबकारी चौराहा पर समाप्त होगा। जुलुस निकलने के दौरान आम जनता की सुविधा को देखते हुए रतलाम ट्रैफिक पुलिस द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था एवं डायवर्सन प्लान तैयार किया है।

## यह है डायवर्सन प्लान

- शहर सराय से अंडागली, नाहरपुरा तिराहा की ओर आने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। जो शहर सराय से लोकेंद्र टॉकिज की ओर जाने वाले मार्ग का उपयोग करेंगे।
- आरोग्यम हास्पिटल के पास हनुमान मंदिर से नाहरपुरा तिराहा, अंडागली, डालूमोदी बाजार की ओर आने वाले दो व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- घास बाजार से डालूमोदी बाजार, नाहरपुरा की ओर आने वाले मार्ग पर चार पहिया, दो पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। जो चौमुखीपुल से चांदनी चौक की ओर जाने वाले मार्ग का उपयोग करेंगे।
- नवकार नमकीन से सुभाष नगर तिराहा, आबकारी तिराहा कि ओर आने वाले दो व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। उक्त वाहन शिवगढ रोड होते हुए वन विभाग नाके से डोंगरे नगर जाने वाले मार्ग का उपयोग करेंगे।
- वन विभाग नाके से बाजना बस स्टेंड की ओर आने वाले भारी वाहन पूर्णत- प्रतिबंधित रहेंगे। उक्त भारी वाहन डोंगरे नगर से बिरियाखेडी, राममंदिर की ओर जाने वाले मार्ग का उपयोग करेंगे।
- सैलाना बस स्टेंड से शहर सराय की ओर जाने वाले भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। उक्त वाहन पावर हाउस रोड, राममंदिर की ओर जाने वाले मार्ग उपयोग करेंगे।
- दिलबहार चौराहा से दो बत्ती, नगरनिगम, महलवाडा, कॉलेज रोड की ओर जाने वाले चार पहिया व भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। उक्त वाहन पावर हाउस रोड, सैलाना बस स्टेंड रोड का उपयोग करेंगे।
- चार चक्की से हाकीमवाड़ा की ओर जाने वाले चार पहिया व भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। उक्त वाहन ऊंकाला रोड, त्रिपोलियागेट,अमृतसागर रोड एवं करमदी रोड का आने-जाने का उपयोग करेंगे।
- प्रताप नगर ब्रीज से ऑफिसर कॉलोनी, आनंद कॉलोनी जमातखाना, हाकिमवाड़ा की ओर आने वाले भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- लोकेंद्र टॉकिज से शहर सराय, आबकारी चौराहा तरफ आने वाले दो व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। उक्त वाहन सैलाना बस स्टेंड से राम मंदिर रोड का उपयोग करेंगे।
- फव्वारा चौक से कॉन्वेंट स्कूल तिराहा, कोर्ट तिराहा, आनंद कॉलोनी तरफ आने वाले दो व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। उक्त वाहन पॉवर हाउस रोड, सैलाना बस स्टेंड रोड का उपयोग करेंगे।

यह एरिया रहेगा नो व्हीकल जोन

- शहर सराय से नाहरपुरा तिराहा तक, शहर सराय से अंडागली नाहरपुरा तिराहा तक नो व्हीकल जोन रहेगा।
- आबकारी चौराहा से हाट रोड, सुभाष नगर तिराहा तक नो व्हीकल जोन रहेगा।
- सैलाना बस स्टेंड से शहर सराय तिराहा तक नो व्हीकल जो रहेगा। उक्त वाहन पावर हाउस रोड, शास्त्री नगर रोड का उपयोग करेंगे।
- दो बत्ती से नगर निगम, कॉलेज रोड तक नो व्हीकल जोन रहेगा।

## भाजपा 17 सितंबर से मनाएगी सेवा पखवाड़ा जिलाध्यक्ष ने किया जिला टोली का गठन

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व की अगली कड़ी मे सदस्यता अभियान के साथ 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा मनायेगी। इस दौरान भाजपा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार जिला टोली का गठन किया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से 02 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। जिलाध्यक्ष ने पखवाड़ा आयोजनों की जिला टोली मे जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चौधरी को संयोजक बनाया है। टोली में जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत सहसंयोजक व कालुसिंह परिहार तथा संजय टांक को सदस्य के रूप मे शामिल किया गया है।

## ओणम उत्सव पुरे उल्हास के साथ मनाया

सिका स्कूल ,स्किम नंबर 78 बाल वाटिका ने केरल का ओणम उत्सव पुरे उल्हास के साथ मनाया। बच्चों ने केरल की पारंपरिक पोशाकों में अपने रंग-बिरंगे परिधानों से परिसर को जगमगा दिया।शिक्षिकाओं ने छोटे-छोटे बच्चों को समझाया कि ओणम का त्योहार राजा महाबली को समर्पित है, जिन्होंने अपने वचनों पर कायम रहने के लिए राज्य के साथ-साथ खुद को भी बलिदान कर दिया। राजा महाबली की कहानी, गीत और नृत्य का आयोजन किया गया। सुंदर फूलों की रंगोली आज का मुख्य आकर्षण था।प्रधानाध्यापिका श्रीमती स्वाति जैन ने इस शुभ दिन पर बच्चों को भरपूर खुशी, अच्छे स्वास्थ्य और कभी न खत्म होने वाली समृद्धि की कामना की।

मिशन शक्ति एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत 13वें सप्ताह में हुआ

# कैरियर परामर्श सह माहवारी स्वच्छता जागरूकता व स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**रतलाम।** महिला एवं बाल विकास जिला रतलाम के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा के सफल मार्गदर्शन एवं सहायक संचालक एवं हब की नोडल अधिकारी सुश्री अंकिता पण्ड्या के सशक्त नेतृत्व तथा डीपीएम अजहर अली के सहयोग जिले के शासकीय अजा और अजजा कन्या छात्रावासों की किशोरी बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम हुआ, वही दूसरी ओर किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता के बारे में समझाईश दी गई। साथ-साथ टीम द्वारा कैरियर परामर्श को कन्या छात्रावास की बालिकाओं के लिए आवश्यक मानते हुए कैरियर परामर्श' पर भी निशाना ताना गया। अभ्यास कोचिंग इंस्टीट्यूट रतलाम के शिक्षक डॉ. विकास जैन और शिक्षक श्री राहुल कुमावत द्वारा बालिकाओं को आत्मनिर्भर होने के सरलतम गुर बताए गए। कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की एनसीईआरटी की पुस्तकों को कंठस्थ कर कैरियर की दिशा में सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया। साथ ही साथ कठिन प्रश्न याद न रहने की दशा में उनको सरल उपाय से याद रखना सिखाया। पर्यवेक्षक श्रीमती ज्योति सोनी द्वारा और डॉ. किरण गोस्वामी द्वारा बालिकाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता रखने का मार्गदर्शन दिया साथ ही साथ माहवारी के दौरान बालिकाओं को आ रही समस्याओं का निदान भी बताया गया। जिले के लगभग 21 छात्रावासों में लगभग 2500 छात्राओं के लिए उपरोक्त आयोजन हुए। स्वास्थ्य परीक्षण कर समस्त छात्रावासों में अधिकतम हिमोग्लोबिन वाली बालिका को जहां एक ओर मिस हिमोग्लोबिन' के अवार्ड से नवाजा गया तो वही दूसरी ओर बालिकाओं को दिए गए ज्ञान, संदेश पर आकस्मिक हब क्विज'' का आयोजन कर प्रथम विजेताओं को पुरूस्कार से नवाजा गया।

कार्यक्रम के दौरान महिला बाल विकास की हब की लिपिक श्रीमती यशोदाकुवर राजावत द्वारा बालिकाओं को सदैव अपने साथ अपने बैग में 2 सैनेटरी पेड अनिवार्य रूप से रखने का मार्गदर्शन दिया ताकि अनायास माहवारी आने पर बालिका को किसी भी स्थान पर परेशानी न आए।

कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया गया, विभागीय टीम में समन्वयकर्ता मुख्य भुमिका श्रीमती यशोदाकुंवर राजावत की रही। सहयोग श्रीमती नीलम वाघेला, श्रीमती ज्योति सोनी, वनस्टॉप सेण्टर की केन्द्र प्रशासक नीता परिहार, डीईओ पीएमएमवीव्हाय

# जीवन कौशल कार्यक्रम का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया

**रतलाम।** जनजाति कार्य विभाग अंतर्गत संचालित विद्यालयों में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जनजाति बाहुल्य जिलों की माध्यमिक शालाओं एवं विशेष आवासीय विद्यालयों छात्रावास में अध्यनरत छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु गतिविधि आधारित जीवन कौशल सत्रों का आयोजन किया जाना है।



इसी के तहत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाजना में मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत जीवन कौशल कार्यक्रम का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बजाना मनीष भंवर विशेष अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ अंकित पांड्या, विकासखंड स्वच्छता अधिकारी अजय व्यास, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कटारा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक उपेंद्र सिंह राठौड़ थे। अध्यक्षता सक्षम कार्यक्रम के जिला प्रबंधक एल.एन.हाडा द्वारा की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में मास्टर ट्रेनर्स लीना राठौड़, सक्षम कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहां कि जनजाति विद्यार्थियों में जीवन कौशल शिक्षा के प्रशिक्षण और क्षमता को निखारने की अत्यंत आवश्यकता है, इससे वे जीवन के विभिन्न पहलुओं को आत्मविश्वास के साथ सफलता प्राप्त कर बेहतर समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभा सके। मुख्य अतिथि उदबोधन में मनीष तंवर ने कहा कि इस सक्षम कार्यक्रम मैं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की महती एवं नई जिम्मेदारियां होगी कि वे शिक्षा के नए परिदृश्य स्थापित करने के लिए ध्वजवाहक के रूप में इस कार्यक्रम में अपने नवाचार और प्रतिभा का इस्तेमाल करेंगे। सीडीपीओ अंकित पांड्या ने कहा कि सक्षम प्रशिक्षण के तहत कक्षा छठी से दसवीं तक की जनजाति छात्राएं को खेल खेल में 11 जीवन कौशल की शिक्षा प्राप्त करेंगे जिसमें स्व-जागरूकता, अनुकूलन क्षमता, समस्या समाधान, निर्णय क्षमता, समझौता वार्ता, सहयोगात्मकता, संवाद, आत्म प्रबंधन, रचनात्मकता जैसे 11 जीवन कौशल की रोचक तरीके से शिक्षा दी जाएगी। यह प्रशिक्षण कार्यशाला विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि को बढ़ावा देगा और वे 21वीं सदी के अनुरूप आवश्यक जीवन कौशल का विकास कर सफल और आदर्श नागरिक बनेंगे। कार्यक्रम में सक्षम कार्यक्रम के विकासखंड प्रबंधक योगेंद्र सिंह उमठ, मास्टर ट्रेनर्स कैलाशचंद् चारेल, कैलाशचंद राठौड़, पूजा साहू, संजय राठौर बड़ी संख्या मे प्रचार्य, शिक्षक, अधीक्षक, नॉलेज पार्टनर मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन

# श्री श्रीमाली ब्राह्मण महिला मंडल ने 56 शिक्षकाओं और 6 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

**रतलाम।** श्रीमाली वास स्थित श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज धर्मशाला में महिला शिक्षकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महिला शिक्षक सम्मान समारोह स्वर्गीय श्री प्रफुल्ल व्यास एवं स्वर्गीय मुकेश ओझा की स्मृति में कोकिला ओझा एवं रजनी व्यास द्वारा रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं महालक्ष्मी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना ओझा, कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती विनीता ओझा और विशेष अध्यक्षता प्रबंध कारिणी समिति अध्यक्ष नयन व्यास द्वारा की गई। कार्यक्रम में 56 शिक्षिकाओं और 6 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता विनीता ओझा ने की तथा विनीता ओझा ने अपने उद्बोधन में कहा की नई शिक्षा नीति को बताते हुए कहा कि बालकों के बचपन को ना छीन जाए उन्हें उनकी योग्यता के आधार पर अपना चयन करने दिया जाए। मुख्य अतिथि वंदना ओझा ने उदबोधन में कहा कि शिक्षा व्यवसाय नहीं वृत्ति है शिक्षा जीवन जीने की कला है। समाज अध्यक्ष नयन व्यास ने अपने उदबोधन में कहा कि गुरु तो गुरु है जो जीवन में उजाला लेकर आते हैं गुरु ही हमें ईश्वर तक पहुंचने में सहायक होते हैं। श्री श्रीमाली महिला मंडल एवं श्री श्रीमाली प्रबंधकारिणी समिति सहित समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उक्त जानकारी रजनी व्यास एवं

# आने वाली पीढ़ी को संस्कार और आस्थावान बनाएं

## गणेश जी हमारी अध्यात्मिक शक्ति के संरक्षक

**रतलाम।** भगवान श्री गणेश का जन्मोत्सव पूरे देश में जिस उत्साह और धूमधाम तरीके से मनाया जाता है वह इस बात का प्रमाण है कि सनातन हिंदू धर्मावलंबियों में विघ्न विनाशक प्रथम देव स्तुति नायक का कितना महत्व है। छोटा, बड़ा, अमीर, गरीब सभी आपकी भक्ति में लगे हुए हैं जो पूरे समाज को एक सूत्र में जोडने् का कार्य कर रहे हैं । उपरोक्त विचार राजस्व पत्रकार गृह निर्माण समिति द्वारा विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की पूजा आरती समारोह में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य निमिष व्यास ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिक्षक सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि धार्मिक पर्व एवं उत्सव, अनुशासित एवं समर्पण भावना से मनाना चाहिए । जिससे आने वाली पीढ़ी इसकी महत्ता को समझ सके। इस अवसर पर कॉलोनी के जगदीश उपाध्याय, प्रहलाद सिंह राठौड़, ओम प्रकाश राठी, अंशुल जोशी, राजेश जैन, हीरेंद्र बबलू परमार, शैलेंद्र सोलंकी, प्रवीण शर्मा, विश्वास उपाध्याय, गगन पाठक, सरोज सोनी, निर्मला यादव, मनीष जैन, दीपक जैन आदि उपस्थित थे ।

# गणेशोत्सव में संगीत जलसा कार्यक्रम हुआ

**रतलाम।** महाराष्ट्र समाज द्वारा मनाए जा रहे 95 वां सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव के अंतर्गत गत रात्रि को संगीत जलसा का कार्यक्रम हुआ। जिसमे बैंगलोर से आए अंकित वर्मा ने गायन प्रस्तुत किया उनके साथ तबला पर तल्लीन त्रिवेदी व हारमोनियम पर रोहित परिहार ने संगत दी।

कार्यक्रम में प्रतिभा आप्टे साहा द्वारा सितार वादन पर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री गणेश जी की आरती की गई। अंकित वर्मा ने शास्त्रीय गायन की सुमधुर प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के संयोजक प्रशांत शौचे एवं सुहास चितले थे। कलाकारों का स्वागत संदीप नारले, अपूर्व रांगणेकर, उदय मोघे, श्रीराम दिवे, प्रियंका झारे, सुनीता नारले ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुहास



चितले ने किया। आभार सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव समिति अध्यक्ष श्रीकांत दिवे ने माना। इस अवसर पर सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव सचिव वीरेन्द्र कुलकर्णी, कोषाध्यक्ष अरविंद डबीर, शारदा मंदिर ट्रस्ट कोषाध्यक्ष राजेन्द्र वाघ, उपाध्यक्ष दिलीप कुलकर्णी, वीरेन्द्र वाफगांवकर, अरुण पोटाडे, सुनील सराफ, मिलिंद करंदीकर, सुनील पुरंदरे, श्रीकांत जोशी संतोष कोलंबेकर, स्नेहिल मोघे ,राजेश गडकरी आदि उपस्थित थे।

# 15 सितंबर विश्व अभियंता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया

**रतलाम।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के डोंगरे नगर स्थित दिव्य दर्शन भवन सेवाकेंद्र में 15 सितंबर विश्व अभियंता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस कार्यक्रम में इंजिनियर राय सिंह राठौड़ , दीपक राठौड़, गुलाब बेरा, महेंद्र कौशिक, हर्षित भटनागर, हरिओम कौशल, सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, ब्रह्माकुमारी गीता दीदी उपस्थित रहे। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बताया कि हर साल 15 सितंबर को सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय इंजीनियर्स दिवस मनाया जाता है। 1861 में जन्मे विश्वेश्वरैया एक प्रख्यात इंजीनियर, विद्वान और राजनेता थे। उन्हें इस क्षेत्र में क्रांति लाने वाली उनकी उपलब्धियों के लिए भारतीय इंजीनियरिंग के पिता के रूप में याद किया जाता है। विश्व के नव निर्माण में इंजीनियर का महत्वपूर्ण योगदान होता है, ईश्वर ही पूरे विश्व के सर्वश्रेष्ठ नव निर्माता है। जैसे आप सभी सुंदर-सुंदर बिल्डिंग बनाते हैं प्लान बनाते हैं वैसे परमात्मा की भी बहुत सुंदर प्लान है जो हमारे अशांत मन को शांत करने का कार्य करते हुए अपने सुंदर विचारों के माध्यम से अपने आसपास के वातावरण को भी शुद्ध बनाए जिससे एक सुंदर दुनिया का जो निर्माण हो सके। इंजिनियर दीपक जी राठौड़ ने कहा कि नवनिर्माण का कार्य तो सभी करते हैं लेकिन मूल काम होता है अपने विवेक का अपने दक्षता का उपयोग करते हुए समाज को आसपास के लोगों को तकलीफ ना देना और यह कार्य हमें ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय से ही सीखने को मिलता है। इंजीनियर गुलाब बेरा ने कहा कि हम सभी इंजीनियर तो इस भौतिक जगत में कुछ ना कुछ निर्माण का कार्य करते हैं लेकिन श्रेष्ठ अभियंता जगत नियंता परमात्मा एक ऐसी सृष्टि की रचना कर रहे हैं जहां शेर और गाय भी एक साथ पानी पीते हैं अर्थात सुख, शांति और समृद्धि होती है, तो हम सभी को भी उनके कार्य में मददगार बनना चाहिए। इंजीनियर महेंद्र कौशिक ने कहा कि इंजीनियर को अपने जीवन में बहुत संघर्ष करना पड़ता है लेकिन जब हम परमात्मा को अपना साथी बना लेते हैं तो हमारे अंदर के वह सारे गुणों को निखारता है और हम एक साथ अनेक कार्य करने में भी सक्षम होते हैं जिससे हम अपने जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों का ही बैलेंस बहुत अच्छा बना पाते हैं।

# जिले मे अवैध शराब बिक्री करने वाले 5 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे कुल 20 गिरफ्तारी वारंट, 01 स्थाई वारंट, 24 जमानती वारंट एवं 37 समंस जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग अलग न्यायालय के तामील किये गए। जिले मे दिनांक 13.09.24 को अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना छैगांवमाखन में आरोपिया केशरबाई पति ध्यानू जाति भील उम्र 50 साल निवासी टाकलीमोरी के कब्जे से अवैध 10 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 600 रूपये की जप्त की गई। आरोपी विष्णुप्रसाद पिता तुलाराम जाति नाथ उम्र 25 साल नि.ग्राम जावर के कब्जे से 30 नग अवैध देशी प्लेन मदिरा, 12 नग पॉवर बियर कुल कीमती शराब 4140/-रूपये की जप्त की गई। आरोपी सुरेन्द्र पिता तुकाराम जाति भील उम्र 35 साल नि.ग्राम नावली के कब्जे से अवैध 15 क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा शराब कीमती 1050/-रूपये की जप्त की गई। थाना हरसूद में आरोपी भरोस पिता कमलसिह जाति कोरकु उम्र 35 साल निवासी ग्राम पाटाखाली के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1000 रुपये की जप्त की गई। थाना खालवा रामप्रसाद पिता मिश्रीलाल पालवी उम्र 44 साल निवासी ग्राम आवलिया के कब्जे से देशी प्लेन मदिरा क्वार्टर 16 व बाम्बे व्हिस्की क्वार्टर 10 कुल 26 क्वार्टर कीमती 2440/-रुपये की जप्त की गई। उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जिले मे यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 41 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवं समन शुल्क 21700/-रुपये वसूल किए गए है। थाना प्रभारी यातायात खंडवा द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है, यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिले के विभिन्न थानो मे कुल 36 असामाजिक तत्वो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

## ऋतू राकेश देवड़ा जामकोटा सरपंच निर्वाचित उपचुनाव संपन्न



**खंडवा /मुंदी।** ग्राम पंचायत जामकोटा जनपद पंचायत पुनासा जिला खण्डवा मे सरपंच पद हेतु सम्पन्न उपचुनाव मे श्रीमती ऋतू-राकेश देवड़ा अपने प्रतिद्वंदी प्रत्याशी गुलाब बाई पति मेहताप सिंह से 117 मतों से विजयी घोषित कि गई विदित हो कि ग्राम पंचायत जामकोटा का सरपंच पद आदिवासी महिला के लिए आरक्षित था जहां पूर्व महिला सरपंच के निधन के बाद सीट रिक्त हुई थी और चुनाव आयोग के द्वारा चुनाव कार्यक्रम घोषित कर मतदान कराया गया था। चुनाव मैदान में दो प्रत्याशी जिसमें गुलाब भाई पति मेहताब सिंह एवं रितु पति राकेश देवड़ा जिनके बीच में सीधा मुकाबला था जिसमें रितु पति राकेश देवड़ा ने बाजी मारते हुए 117 मतों से गुलाबबाई पति मेहताब सिंह को पराजित किया। मतगणना 15 तारीख को जनपद पंचायत पुनासा में हुई जिसमें परिणाम घोषित किए गए जिसमे ऋतू राकेश देवड़ा को विजय प्रमाण पत्र दिया। मतदान का प्रतिशत 59.9% रहा ।

## स्वच्छता ही सेवा है अभियान



**खंडवा ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों को, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री नीलकंठेश्वर शासकीय महाविद्यालय खंडवा में जिला समन्वयक श्री जगदीश पटेल जी द्वारा विद्यार्थियों को स्वच्छता ही सेवा है अभियान के बारे में जानकारी दी साथ ही विद्यार्थियों को इस अभियान के अंतर्गत अपने गांव, शहर,वार्ड को स्वच्छता रखने हेतु आयोजित गतिविधि करने हेतु कहा गया एवं दिन में 2 घंटे प्रतिदिन स्वच्छता हेतु श्रमदान करने हेतु प्रेरित किया गया ब्लॉक समन्वयक श्री राजकुमार मालाकार जी द्वारा विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु प्रेरित किया गया साथ विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ कराई गई एवं विद्यार्थीयों द्वारा कॉलेज परिसर मे श्रमदान कर कॉलेज परिसर की सफाई की गयी इस अवसर पर मैटर आशीष पटेल दिलावर सोनरिश, राहुल राठवे, लालू सिंह सोलंकी नवांकुर संस्था से हेमराज पटेल, नारायण फरकले उपस्थित रहे।

## हिंदी दिवस मनाया, हिंदी भारतमाता के माथे की बिंदी



**खंडवा।** सद्भावना मंच द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर काव्य एबं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। साहित्यकारों ने हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित करने की केंद्र सरकार से मांग की। उन्होंने बताया हिंदी विश्व के कई देशों में बोली व समझी जाती है। हमारे देश में कुछ लोगों के के विरोध के कारण इसे राष्ट्रभाषा घोषित नहीं किया जाना खेदजनक है। देश से जब धारा 370 हटाई जा सकती है। एक राष्ट्र एक झंडा घोषित किया जा सकता है। तब एक देश एक राष्ट्रभाषा क्यों नहीं घोषित की जा सकती। सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए तथा हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित किया जाना चाहिए।साहित्यकारों ने इस अवसर पर अपनी रचनाओं एवं कविताओ तथा गीतों के माध्यम से कार्यक्रम को रोचक बना दिया। इस अवसर पर पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, डॉ जगदीश चौरे, सुरेंद्र गीते, सुनील सोमानी, सुनील जैन, गणेश भावसार, धीरज नेगी, योगेश गुजराती,एन के दवे,अशोक पारवानी,कैलाश शर्मा, त्रिलोक चौधरी,राधेश्याम साक्य,शरद चौरे,आनंद बुंदेला,सुभाष मीणा, आदि मौजूद थे.

## सीतलानी सिंधी समाज दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष मनोनित

### श्री चंदवानी सचिव और श्री दीवान कोषाध्यक्ष बनाए गए



**खंडवा।** सिंधी समाज दशहरा उत्सव समिति की बैठक में आगामी दशहरा उत्सव के लिए चर्चा हुई।समाज के प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि शहर के इस सबसे पुराने रावण दहन कार्यक्रम की समिति का अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी श्री गेहीराम जी सीतलानी को बनाया गया है।अध्यक्ष श्री सीतलानी ने श्री नानकराम चंदवानी को सचिव और श्री मोहन दीवान को कोषाध्यक्ष घोषित किया।शेष समिति विगत वर्ष अनुसार यथावत रहेगी।उल्लेखनीय है कि स्थानीय नेहरू स्कूल ग्राउंड पर आतिशबाजी के नए आयटम के साथ 12 अक्टूबर शनिवार शाम पारिवारिक दशहरा मिलन और रावण दहन का विशाल कार्यक्रम होगा,जिसमें अनेक गणमान्य अतिथि भी शामिल होंगे।समिति सदस्यों ने आरंभिक तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं।

# श्रीगणेश की पितृभक्ति



**खंडवा /हरसूदः** अभिनव पब्लिक स्कूल हरसूद में श्रीगणेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 6 वीं 7 वीं के बच्चों ने मनमोहक श्रीगणेशजी की पितृभक्ति पर आधारित नृत्यनाटिका प्रस्तुत की गई। जिसमें उपस्थित स्कूल के सभी छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षक/शिक्षिकाएँ उपस्थित रहें। इस अवसर पर पर जो पालक मीटिंग में आये थे वे नाटिका को देखकर मंत्रमुग्ध रह गए। विद्यालय के प्राचार्य नारायण प्रसाद शर्मा ने छात्रों श्रीगणेश जी के कान, नाक, पेट आदि का महत्त्व समझाया एवं जीवन में कितनी भी समस्याएँ डटकर मुकाबला करना चाहिए जीवन में झूठ नहीं बोलना चाहिए यदि आप सत्य के साथ रहेंगे तो निश्चित असत्य पर विजय प्राप्त होती है गणेशोत्सव हमें सत्यनिष्ठा और ज्ञान को समझने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा एवं तैयारी श्रीमती श्वेता साकल्ले एवं श्रीमती मंजुला शर्मा ने की। श्री शर्मा ने बताया कि हमारे बच्चे इससे त्योहार की भावना को अपनाते हुए रचनात्मकता में मग्न हो जाते हैं। श्रीमती श्वेता साकल्ले ने बताया कि कृतियाँ मुस्कान ज्ञान और अनंत आनंद लेकर आती है। इस प्रकार की गतिविधियों में बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में सामंजस्य बनाने की कला सीखने का अवसर प्रदान करती है। जो आज के प्रतियोगिता भरे माहौल में नितांत आवश्यक है।

# नकबजनी करने वाले आरोपी से सोने, चांदी के जेवर व नगद 45 हजार रू सहित कुल 1 लाख 2 हजार का माल जप्त किया गया



**खंडवा** /मुंदी पुलिस अधीक्षक जिला खण्डवा मनोज कुमार राय द्वारा चोरी के अपराधों में माल मुलजिम की पतारसी हेतु निर्देशित किया गया है इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय(ग्रामीण) खण्डवा राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जिला खण्डवा महेन्द्र तारनेकर एवं एसडीओपी मूंदी रविन्द्र कुमार बोयट के निर्देशन में थाना प्रभारी मूंदी निरी. राजेन्द्र नरवरिया के नेतृत्व में थाना मूंदी के अपराध क्रमांक 298/24 धारा 331(3),305 बीएनएस में आरोपी से चोरी गये सोने,चांदी के जेवर व 45 हजार नगद कुल 1 लाख 2 हजार का मशरुका जप्त किया गया । **घटना का विवरण :** फरियादी रविन्द्र पिता भीमसिंह जाति भिलाला निवासी जलवाबुजुर्ग द्वारा थाना मूंदी पर अपराध क्रमांक 298/24 धारा 331(3),305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कराया गया था। विवेचना के दौरान एफएसएल टीम द्वारा घटना स्थल पर फिगंर प्रिंट लिए गए थे उपरोक्त फिंगर प्रिंट थाना सवानद जिला खरगोन के हिस्ट्रीशीटर देवेन्द्र पिता रामसिंह निवासी सनावद जिला खरगोन के होना पाए गए थे । थाना प्रभारी मूंदी निरीक्षक राजेन्द्र नरवरिया टीम के साथ थाना सनावद पहुच कर सनावद पुलिस की मदद से आरोपी की तलाश की गयी थी । उक्त रात्री के समय थाना सनावद मे भी एक नकबजनी की घटना हुई थी । थाना सनावद की घटना मे आरोपी देवेन्द्र पिता रामसिंह को दिनांक 06.08.24 को सनावद पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था । थाना मूंदी द्वारा दिनांक 08.08.24 को थाना मूंदी के प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार किया गया । आरोपी को पुलिस रिमाण्ड पर लेकर आरोपी से चोरी गए सोने,चांदी के जेवर व 45 हजार नगद कुल 1 लाख 2 हजार का मशरुका जप्त किया गया।आरोपी को पुनः न्यायालय में पेश किया गया, न्यायालय से जेल वारंट जारी होने से आरोपी को जेल दाखिल किया गया। सराहनीय भूमिका :- थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र नरवरिया, सउनि सूरज पाटिल , आर. 502 नरेन्द्र यादव ,आर. 57 अमितसिंह चौहान थाना मूंदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# हिंदी दिवस पर साहित्यकार आनंद कुमार जैन सम्मानित



**खंडवा** शिक्षक एवं साहित्यकार आनंद कुमार जैन को ,हिंदी दिवस के उपलक्ष में ,आर्य पब्लिकेशन और स्वर्णिम दर्पण की ओर से, ÷स्वर्णिम मातृभाषा हिंदी सम्मान पत्र 2024÷ प्रदान किया गया। वहीं पर श्री सत्यइंदिरा फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय हिंदी गौरव सम्मान 2024प्रदान किया गया।

यह सम्मान श्री जैन को उत्कृष्ट लेखन एवं हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार हेतु प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री जैन जब कक्षा 9वी में पढ़ते थे तब से ही उपयोगी विषयों पर लिख रहे हैं, और वह प्रकाशित भी हो रहा है। कैसे याद करूं विषय पर निबंध प्रतियोगिता, राजस्थान से प्रकाशित बाल पत्रिका बाल हंस द्वारा ,वर्ष 1991 में आयोजित की गई।आपका निबंध चयनित होकर पहली बार बालहंस बाल पत्रिका में प्रकाशित हुआ था ।तब से श्री जैन उपयोगी विषयों पर अनवरत लेखन कर रहे हैं। आप मुख्यतः शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास पर विद्यार्थी हेतु उपयोगी लेखन करते हैं। आपकी रचनाएं अपनी विषय वस्तु के कारण पाठकों की मित्र एवं हितेषी दिखाई देती हैं । श्री जैन प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा कहे गए सुविचार की प्रासंगिक व्याख्या प्रस्तुत करते हैं। वहीं पर विद्यार्थियों द्वारा पढ़े गए समाचारों का समसामयिक विश्लेषण करते हैं। आपको गुना मध्य प्रदेश में वर्ष 2018 में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के बड़े भाई श्री रामस्वरूप भारती एवं डॉक्टर श्रीराम परिहार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया जा चुका है।



## उज्जैन में लहराया सरस्वती शिशु मंदिर कल्यानणगंज खंडवा के खिलाड़ियों ने विजय का परचम

**खण्डवा।** विद्या भारती मालवा प्रान्त द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर कल्यानगंज खंडवा के खिलाड़ियों ने प्रांत स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता उज्जैन में 1 गोल्ड 3 सिल्वर ,12 ब्रांच मेडल जीतकर क्षेत्रीय प्रतियोगिता जो की सरस्वती शिशु मंदिर कल्यानणगंज खंडवा में आयोजित होने वाली है उसमें मालवा प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगे खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्या भारती मालवा प्रांत, प्रांतीय खेल संयोजक एवं खंडवा विभाग श्री सत्यनारायण जी लववंशी, समिति पदाधिकारीगण, प्राचार्य श्रीमती शोभा तोमर, प्रधानाचार्य श्री दिलीप जी सपकाले, राधेश्याम जी चौहान, जितेन्द्र महाजन, खेल शिक्षक नर्मदा प्रसाद चौहान, रितेश पाटील एवं विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों को

# उड़न खटोला ग्रुप का सम्मान समारोह संपन्न

## विशेष उपलब्धि पर सहपाठी हुए सम्मानित...

**खंडवा ।** पुरानी अनाज मंडी स्थित कार्यालय पर सहपाठियों की विशेष उपलब्धि पर उड़न खटोला ग्रुप द्वारा संजय पगारे, आनंद जोशी एवं संजय चतुर्वेदी को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह् दे कर सम्मानित किया ।



उड़न खटोला ग्रुप के संस्थापक गजराज व्यास, राजेश गुलाटी, पीनेंद्र गुप्ता एवं देवेन्द्र तोमर ने बताया कि मां सरस्वती की वंदना पश्चात् मुख्य अतिथि कर्मवीर एवेन्यू के संस्थापक शांतनु डोंगरे, अध्यक्ष उत्तम सीड के यश मित्तल और विशेष अतिथि ज्ञानदीप कार्पोरेट के सम्यक जैन का स्वागत तरूण दूबे, शरद चौरे,सुनील कुलकर्णी, राधेश्याम शर्मा ने किया । कार्यक्रम के सूत्रधार संदीप साध एवं संतोष मोखले ने उड़न खटोला ग्रुप की वर्ष भर की गतिविधियों पर अभिलेखन का वाचन किया । इस वर्ष उड़न खटोला ग्रुप द्वारा शहर की अलग-अलग विधाओं में पारंगत विशेष उपलब्धि पर स्व.गुरजीतसिंह( बिट्टू चावला स्मृति सम्मान समारोह आयोजित करेगा । कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित आकाशवाणी के रेडियो श्रोता संजय पगारे एवं आनंद जोशी को तथा भारतीय जीवन बीमा में अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए संजय चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया ।

सहपाठियों की इस उपलब्धि पर जयराम संगतवानी, चेतन मासूर,संजय पाराशर, विनय डोंगरे, दिनेश चौधरी, अशोक नावाणी,राकेश पाराशर, संजय गीते, अजय मिश्रा, उपेंद्र कैशोरे,राकेश पालीवाल आदि ने बधाई प्रेषित की । कार्यक्रम का संचालन गजराज व्यास ने किया एवं आभार संतोष मोखले द्वारा व्यक्त किया गया ।

# निशा दुबे किशोर नगर मनोकामनेश्वर महिला मंडल की अध्यक्ष मनोनीत

**खंडवा।** किशोर नगर स्थित श्री हनुमान वाटिका में किशोर नगर रहवासी संघ द्वारा शनिवार को एक बैठक पं. मनोज उपाध्याय के सानिध्य एवं अध्यक्ष पं. प्रेमनारायण तिवारी की मौजूदगी आहूत की गई। जिसमें प्रथम बार महिला मंडल का गठन कर कार्यकारिणी घोषित की गई।



यह जानकारी देते हुए प्रवक्ता ज्योति निर्मल मंगवानी ने बताया कि किशोर नगर मनोकामनेश्वर महिला मंडल के अध्यक्ष पद पर सर्वसहमति से निशा दुबे को मनोनीत किया गया। वहीं निशा दुबे व्दारा समिति संरक्षक पद पर पुष्पा पांडेय, रजनी चंदानी, विजया पाराशर, दुर्गा पंडित, सुनीता चौरे, रेखा राजवैध, मंजुला चौहान, चमेली मंडलोई, उपाध्यक्ष पद पर आशा सोनवाने, कोषाध्यक्ष पद पर सुरभी मंडलोई, सचिव पद पर पूर्णिमा उपाध्याय, सहसचिव पद पर विनीता कुलकर्णी, सयोजककर्ता संगीता लाड़ एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनीषा चौहान, प्रीति माहेश्वरी, स्वाति पाण्डे, मंजु गुप्ता, अलका मालवीय का मनोनयन किया गया है। वहीं किरण दुबे व्दारा पुष्पमाला पहनाकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष निशा दुबे का स्वागत किया गया। मातृशक्ति के इस गठन पर किशोर नगर रहवासी संघ, श्री मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति किशोर नगर, श्री मनोकामनेश्वर महादेव जी सेवा समिति एवं रिध्दी सिध्दी महिला मंडल के समस्त पदाधिकारी सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त कर बधाईयां प्रेषित की गई है। इस बैठक में किशोर नगर क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# प्राचीन मढी के आसपास फैले अतिक्रमण को देखते हुए परिषद ने अंतिम नोटिस भेजे

## 21 लोगों को नोटिस के जरिए स्वयं से अतिक्रमण हटाने का दिए निर्देश

**खंडवा /मुंदी।** नगर परिषद मुंदी के सीएमओ संजय जैन के निर्देश पर लगातार नगर में रोड और नाली के निर्माण कार्य किया जा रहे हैं जो अमृत 0.2योजना के माध्यम से चल रहे हैं।

इन निर्माण कार्यों में जो भी अतिक्रमण बाधा बन रहा है उसे तोड़ने की कार्रवाई की लगातार वार्डों में की जा रही है। किसी को देखते हुए दो माह पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि चंद्र मोहन राठौर के साथ तहसीलदार वंदना चौहान ने भी प्राचीन मढ़ी जा करके अतिक्रमण देखे थे और मुआयना किया था जिसके आधार पर 21 लोगों को अतिक्रमण स्वयं से हटाने के नोटिस दिए गए थे वहीं अंतिम नोटिस भी 15 दिन पूर्व दिया जा चुका है।

बता दे की प्राचीन मढी जिसका इतिहास कुछ इतिहासकार पांडव काल से भी जोड़कर देखते हैं क्योंकि यहां पर अति प्राचीन मढी के साथ मंदिर भी बने हुए हैं वहीं सूत्रों के मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड में भी मढी के आसपास अतिक्रमण की पुष्टि सूत्र बताते हैं।

जिसे लेकर के कार्रवाई के भी बात सामने आ रही है वही मढी के आसपास फेले अतिक्रमण से प्राचीन मढी में जाने वाला मुख्य मार्ग भी काफी सकरा होकर के गली के स्वरूप में आ चुका है। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल भी लगातार सोशल मीडिया पर मढी के आसपास फैले अतिक्रमण को हटाने की बात रख चुके हैं। परिषद के द्वारा लगातार अमृत 0.2 योजना के माध्यम से विकास कार्यों को गति दी जा रही है जिससे नगर की रोड और नाली व्यवस्थित हो और इससे होने वाली तकलीफों से आम जनता को निजात मिले। वहीं सीएमओ संजय जैन भी लगातार निर्माण कार्यों पर निगाह रखे हुए हैं। इनका कहना है। अंतिम नोटिस दिए जा चुके हैं और अतिक्रमण करने वाले लोगों को स्वयं से अतिक्रमण हटाने की बात कही गई है हमारी कार्रवाई जारी है और समय-समय पर ऐसी कारवाइयां होती रहेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय जैन मुंदी.**

## पूनमचंद गुप्ता महाविद्यालय में हिंदी दिवस मनाया गया



**खंडवा** । हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत पूनम चंद गुप्ता महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित की गई।जिसके अंतर्गत कहानी/कविता लेखन,भाषण,निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सहभागिता की, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 14 सितम्बर हिंदी दिवस के अवसर पर ÷सम्प्रेषण का सरल माध्यम हिंदी-भारतीय मीडिया के संदर्भ में÷ विषय पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया, आयोजन में मुख्य वक्ता डॉ.सन्दीप भट्ट ,एवं संस्था प्रबन्धक सतीश पटेल द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया, विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई, वक्ता डॉ. सन्दीप भट्ट ने अपने उद्बोधन में हिंदी की महत्ता को समझाते हुए उसका आदर करने की बात कही, उन्होंने आज की युवा पीढ़ी को अंग्रेजी और पश्चिम सभ्यता की ओर दौड़ने के बजाय अपनी हिंदी भाषा, सभ्यता एवं संस्कृति से जुड़ने का आह्वान किया। प्रबंधक सतीश पटेल ने भी विद्यार्थियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की,कार्यक्रम के अंत मे प्रतियोगिता में सहभागी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र वितरित किये गए। कार्यक्रम का संचालन अलमीरा अली ने तथा आभार श्रीमती वैशाली बिल्लोरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रश्मि दीक्षित ने किया।

## बालाजी मंदिर से निकला डोल ग्यारस का डोला, पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी



**खंडवा।** भादौ मास के शुक्ल पक्ष के ग्यारहवें दिन इस वर्ष भी परंपरागत हर्षोल्लास के साथ डोल ग्यारस का पर्व मनाया गया। शनिवार को जहां मंदिरों में महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना की गई वहीं घंटाघर स्थित बालाजी मंदिर से भगवान कृष्ण का डोल ग्यारस का डोला शोभायात्रा के रूप में निकाला गया, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि यह डोला घंटाघर से नगर निगम, पड़ावा होते हुए पदमकुंड पहुंची जहां भगवान का अभिषेक किया गया।

तत्पश्चात पड़ावा होते हुए मेडिकल चौराहा, खड़कपुरा, हरिगंज, रामगंज, बांबे बाजार होते हुए यात्रा का समापन बालाजी मंदिर पर हुआ। डोले में विराजमान भगवान कृष्ण की जगह-जगह पर महिलाओं व श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना व आरती की । पंडित कमलेश शर्मा, शुभम शर्मा, सुभाष शर्मा, विवेक शर्मा, जितेश शर्मा ने श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण भी किया, बालाजी मंदिर के पुजारी कमलेश शर्मा ने बताया कि डोल ग्यारस पर्व भादौ मास के ग्यारहवें दिन मनाया जाता है। कृष्ण जन्म के ग्यारहवें दिन माता यशोदा ने उनका जलवा पूजन किया था, इस दिन को डोल ग्यारस के रूप में मनाया जाता है। हिन्दु धार्मिक ग्रंथों के अनुसार भाद्र मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु ने करवट बदली थी इसलिए इसे परिवर्तनी एकादशी भी कहा जाता है। इसके अतिरिक्त यह एकादशी पदमा एकादशी और जल झुलनी एकादशी के नाम से भी जानी जाती है। इस दिन व्रत करने से वाजपेय यज्ञ का फल भी प्राप्त होता है। जलवा पूजन के बाद ही संस्कारों की शुरूआत होती है इस दिन भगवान कृष्ण को डोल में बैठाकर तरह-तरह की झांकियां बनाकर शहर में घुमाया जाता है। कहते हैं माता यशोदा ने बालगोपाल कृष्ण को नये वस्त्र पहनाकर सूरज देवता के दर्शन करवाए थे एवं उनका नामकरण किया था।

## प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर किसानों के समर्थन में 20 सितंबर को खंडवा में होगा जंगी प्रदर्शन

**खंडवा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर 20 सितंबर 2024 को प्रदेश सहित सम्पूर्ण जिले के किसानों एवं कांग्रेस जनों द्वारा खंडवा में निकलने वाली किसान यात्रा के सम्बंध में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की एक अति महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक का आयोजन किसान यात्रा प्रभारी एवं हरदा जिले के विधायक रामकिशोर दोगने की उपस्तिथि में आज दिनांक 16 सितंबर 2024 सोमवार को शाम 4 बजे किया गया है।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि किसान आंदोलन को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव संजय दत्त ने 12 सितम्बर को खंडवा प्रवास के दौरान बैठक में सूचित किया था कि किसानों की समस्याओं को भाजपा सरकारे गंभीरता से नहीं ले रही हैं।कांग्रेस का अर्थात हमारा दायित्व है कि हमारे अन्नदाता की ज्वलंत और अत्यंत महत्वपूर्ण समस्याओं को जनता और प्रशासन के सामने पुरजोर तरीके से रखें। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ मुनीश मिश्रा ने बताया किसान यात्रा के संबंध में यह महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है।इस बैठक शहर कांगेस,जिला काँग्रेस के साथ विशेष रूप से किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं , पूर्व विधायकों, विधायक प्रत्याशी रहे साथियों ,लोकसभा चुनाव लड़ चुके साथियों,जिला पंचायत के विजयी और परास्त साथियों समस्त मंडलों सेक्टरों के प्रभारियों, समस्त सरपंच और पंचायत चुनाव में कांग्रेस की ओर से भाग लेने वाले साथियों ,नगर निगम के समस्त सफल एवं असफल रहे पार्षद साथियों सहित समस्त ब्लॉक अध्यक्षों कांग्रेस के सभी आनुषंगिक संगठनों के पदाधिकारी ,महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, छात्र संगठन के साथियों, सेवादल के जाबांज सिपाहियों सहित विभिन्न प्रकोष्ठ और कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ता से आवश्यक रूप से बैठक में शामिल होने एवं उपरोक्त बैठक मे अपनी पूर्ण जानकारी एवं क्षेत्र के सम्बंध में किसानों को होने वाली समस्याएं लेकर बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# हिंदी है भारत की आशा हिंदी है भारत की भाषा

## लायन्स क्लब खण्डवा ने किये हिंदी दिवस पर आयोजन



**खण्डवा।** लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा हिंदी दिवस पर विभिन्न आयोजन किये व हिंदी भाषा के क्षेत्र में अहम योगदान देने वाले हिन्दी शिक्षक रेनू मलिक एवं अशीष ठाकुर को सम्मानित किया गया।नारायण बाहेती ने बताया कि लायन्स क्लब खण्डवा के अध्यक्ष अणिमा उबेजा, सचिव घनश्याम वाधवा, कोषाध्यक्ष वसीम कुरैशी के नेतृत्व में एंजल प्लेनेट स्कूल में हिंदी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शाला की विभिन्न कक्षाओं में मैं पहुंच कर हिंदी की विस्तृत जानकारी दी गई।अध्यक्ष अणिमा उबेजा ने कहाकि हिंदी है भारत की आशा,हिंदी है भारत की भाषा। भारतीय संस्कृति और भाषा के समृद्ध इतिहास को मनाने के लिए हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है ।इस दिन का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसे बढ़ावा देना है ।अखिलेश गुप्ता ने कहाकि आज के दिन 14 सितंबर 1949 को हिंदी को भारत की राजभाषा का दर्जा मिला था ।1953 में राजभाषा प्रचार समिति द्वारा हर साल इस खास दिन को मनाया जाने लगा। गुरमीत सिंह उबेजा ने कहा हिंदी न केवल भारत के विभिन्न हिस्सों में बोली जाती है ,बल्कि विश्व के अनेक देशों में भी अपनाया गया है । शाला के संचालक व लायन्स के सदस्य रितेश गोयल व प्रमोदपुरी ने कहा कि शाला में अन्य विषयों के साथ हिंदी विषय को भी प्राथमिकता से सिखाने हेतु निबंध, वाद विवाद प्रतियोगिताओ संस्कार कक्षाओं का आयोजन किया जाता हैं।प्रेम नारायण पिपलोनिया ने कहाकि आज हिंदी को सरोकार ,रोजगार और ज्ञान की भाषा बनाने की आवश्यकता है। आशा उपाध्याय ने कहा हिंदी भाषा भारत के अलग अलग राज्यों के अलग-अलग धर्मो, जातियों, संस्कृति, वेशभूषा व खानपान वाले लोगों को एकता के सूत्र में बांधती है। देश को एक रखती है। राजीव शर्मा ने कहा हिंदी विदेश में बसे भारतीयों को आपस में जोड़ने का काम भी करती है ।अलग-अलग क्षेत्र में रहने वाले लोगों के दिलों की दूरियों को भी मिटाती है। हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हिंदी दिवस का महत्वपूर्ण स्थान है।नारायण बाहेती ने कहा हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है ।दुनिया भर में हिंदी की बढ़ती स्वीकार्यता का ही असर है कि विश्व की सबसे प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में हिंदी शब्दों की भरमार हो गई है। इस अवसर पर छात्रों ने हिंदी की कवितायें सुनाई।लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा हिंदी के शिक्षकों रेणु मलिक,आशीष ठाकुर का सम्मान किया।सचिव घनश्याम वाधवा ने बच्चों को विभिन्न अवसरों पर अपने परिवारजनों को हिंदी में संदेश भेजने की बात कही। कार्यक्रम में प्राचार्य श्री वृशी श्रीवास्तव, उप प्राचार्य डोना ईम्स, हिरेन सर, अणिमा उबेजा, घनश्याम वाधवा, वसीम कुरैशी, गुरमीत सिंह उबेजा, नारायण बाहेती, अखिलेश गुप्ता, प्रमोद पुरी, रितेश गोयल, राजीव शर्मा, सनत श्रीमाली, प्रेमनारायण पिपलोनीया, उमाशंकर उपाध्याय, मनीषा गुप्ता, शकुंतला नागोत्रा, राजकुमारी दूधे, आशा उपाध्याय, अपूर्व उपाध्याय व लायन व लियो क्लब खण्डवा सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नारायण बाहेती ने व आभार घनश्याम वाधवा ने माना।

# जिला कलेक्टर से पेंशनर्स कार्यालय के लिये सुरक्षित भवन के लिये किया अनुरोध

**झाबुआ** । पिछले 3 दशक से अधिक समय से थांदला गेट स्थित एकलव्य भवन में जिले के पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के साथ ही समय समय पर विभिनन गतिविधियों को संचालित करने के लिये पेंशनर कार्यालय प्रशासन द्वारा आवण्टित एक कक्ष में संचालित हो रहा है। जिला प्रोग्रेसिव्ह पेंशनर संगठन के जिला अध्यक्ष अरविन्द व्यास एवं उपाध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त भवन करीब 80 वर्ष पूराना होकर यहां पास के ही कमरों में शिक्षा विभाग का कबाड एवं अनुपयोगी सामान रखा होने से आये दिन यहां जहरीले जीव जन्तु एवं सर्प आदि निकलते रहे है। प्रोग्रेसिव्ह पेंशनर्स संगठन ने इस समस्या का उल्लेख करते हुए जिला कलेक्टर से पूर्व में आवेदन देकर संगठन की सुचारू एवं सुरक्षित गतिविधियां संचालित हो सकें इसके लिये एक सुरक्षित भवन आबण्टित करने का अनुरोध किया है। किन्तु आज तक जिले भर के वरिष्ठजनों एवं पेंशनरों के हित में काम करने वाले संगठन को अन्य सुरक्षित भवन उपलब्ध नही हो पाया है । हाल ही में पेंशनर साथियों की एक बैठक के दौरान वहां निकट के कमरे से एक जहरिला सांप पेंशनर्स कार्यालय में आगया था । आये दिन इस प्रकार के वाकये होना आम बात हो गई हे। अतः वृद्ध पेंशनरों के हितार्थ मानवीय दृष्टिकोण अपना कर जिला पेंशनर्स कार्यालय के लिये सुरक्षित भवन उपलब्ध कराने की मांग जिला कलेक्टर से की गई है।



## लालसिंह कामता प्रसाद जी चतुर्वेदी के ,छाया चित्र का अनाव

**खण्डवा** हिन्दु बाल सेवा सदन, खण्डवा में स्वर्गीय लालसिंह कामता प्रसाद जी चतुर्वेदी के ,छाया चित्र का अनावरण किया गया एंव उनकी स्मृति में आज सदन में बच्चो के लिए 80 बेडशीट चतुर्वेदी परिवार की ओर से सदन के बच्चों को भेंट की इसअवसर पर छायाचित्र पर माल्यापर्ण सदन के,विनय नेगी ,अनिल बाहेती, तरुण झंवर , सुभाष खंडेलवाल ने किया ,विनय नेगी ने कहा कि हिंदू बाल सेवा सदन को जो जमीन आपने दान की है वह अनमोल है कार्यक्रम का संचालन तरुण झंवर ने कीया आभार अनिल बाहेती ने कीया इस अवसर पर उमा निर्मल पाठक एवं श्री राज कुमार चतुर्वेदी का सम्मान किया कार्यक्रम में किशोर चतुर्वेदी, राकेश शुक्ला,, गांधी प्रसाद गदले , वीरेंद्र वर्मा, शकुंतला राठौर अन्य कई व्यक्ति उपस्थित थे.

# मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव के द्वारा किया जाने वाला मंथन है




**झाबुआ।** श्री पद्मवंशीय मेवाडा राठौर तेली समाज द्वारा स्थानीय श्री विश्व शांति नवग्रह शनि मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा के तीसरे दिन अजामिल उपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन पर व्यास पीठ से श्रीमद् भागवत कथा के सरस प्रवक्ता पं. अनुपानंदजी महाराज ने समुद्र मंथन की बहुत ही रोचक एवं सारगर्भित कथा सुनाते हुए कहा कि यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है। यहां चैरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न-भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं। जब-जब कोई अपने गलत कर्मो द्वारा इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है तब-तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर सजनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार किया करते हैं । समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि मानव हृदय ही संसार सागर है। मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव के द्वारा किया जाने वाला मंथन है। कभी हमारे अंदर अच्छे विचारों का चितन मंथन चलता रहता है और कभी हमारे ही अंदर बुरे विचारों का चितन मंथन चलता रहता । श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन के लाभार्थी परिवार का कथा के अंत में स्वागत किया गया। लाभार्थी रामचंद्र एवं किशोर चांदमल गोलानिया और शांतिलाल धुलजी झरवार को गले में गमछा व साफा बांधकर तथा श्रीफल भेटकर समाज के सचिव मनीष मगनलाल राठौर ने स्वागत किया तथा समाज के वरिष्ठ सदस्य समरथमल मोहनलाल राठौर, कैलाश लच्छीराम मावर, मदनलाल रामाजी आसरमा द्वारा प्रतिक चिन्ह देकर लाभार्थी परिवारों का स्वागत किया गया।

## भागवत भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया श्रीराम



## जन्म आज मनेगा श्री कृष्ण जन्म

**अमझेरा विक्रमसिंह राठौर ।** यहॉ के श्रीराम चौक स्थित भागवत भवन में अयोध्या से आये संत गणेषदासजी महाराज के द्वारा संगीतमयी भागवत पुराण कथा के साथ सत्संग का वाचन किया जा रहा है । कथा के चौथे दिन उन्हौने वामन अवतार एवं श्रीराम अवतार का प्रसंग सुनाया तो समुचा सदन श्रीरामजी के जयकारों से गुंज उठा एवं सुस्वागतम अयोध्या में बाजे बधाई भजन पर उपस्थित श्रोता झुम उठे तथा सभी के द्वारा पुष्पवर्षा कर उत्साहपूर्वक श्रीराम जन्मोत्सव मनाया तथा महिलाओं के द्वारा नृत्य किया गया । इस मौके पर महंत घनष्यामदासजी महाराज व अन्य संतगण भी मौजुद रहे। प्रेमनारायण दीक्षित सहीत अन्य श्रद्धालुओं के द्वारा भागवत पुराण की आरती उतारी गई एवं प्रसादी का वितरण किया गया । सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा ।

## डॉ विक्रांत भूरिया को मिली बडी जिम्मेदारी एआईसीसी पर्यवेक्षक नियुक्त किया



**झाबुआ**, विधायक डॉ विक्रांत भूरिया को कांग्रेस पार्टी ने बडी जिम्मेदारी सौपी है। डॉ भूरिया झारखण्ड राज्य के आगामी होने वाले विधानसभा के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। जिसके अर्न्तत वे विधानसभा के प्रत्याशीयों के चयन करने में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभायेगें।

प्रेस विज्ञपित के माध्यम से अवगत कराया गया है कि अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के महासचिव केसी. वेणुगोपाल द्वारा डॉ भूरिया को झारखण्ड राज्य में आगामी विधानसभा निर्वाचन हेतु दुमका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों के लिए एआईसीसी पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है, डॉ भूरिया की नियुक्ति पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रकाश रांका वीरसिहं भूरिया विधायक थांदला,पूर्व विधायक पेटलावद वालसिंह मेडा, पूर्व प्रदेश सचिव हेमचन्द्र डामोर, निर्मल मेहता, आशिष भूरिया, महिला कांग्रेस की श्वेता मोहनिया, मानसिंह मेडा, शंकरसिंह भूरिया, हेमेन्द्र बबलू कटारा, एवं शहर अध्यक्ष जितेन्द्र राठौर झाबुआ, दिनेश गारी रानापुर एवं ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षगण, कैलाश डामोर रानापुर,गेन्दालाल थांदला, यामीन शेख मेघनगर, गौरव सक्सेना,वसीम सैयद, लोकेन्द्र बिलवाल एनएसयुआई नरवेश अमलियार आदि ने बधाई दी है।

## गायत्री परिवार का एक दिवसीय संगठनात्मक प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**झाबुआ।** गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय संगठनात्मक प्रशिक्षण शिविर 14 सितंबर शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ, कॉलेज मार्ग पर आयोजित किया गया। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज, हरिद्वार के प्रतिनिधि उपझोन प्रभारी श्रीकृष्ण शर्मा एवं मोहन सिंह सिसोदिया ने तहसील प्रभारी एवं सक्रिय परिजनों को प्रशिक्षण दिया। उपझोन प्रभारी शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि गायत्री परिवार का संगठन भावनाशील, विवेकवान और संवेदनशील परिजनों का संगठन है। संगठन भीड का नाम नहीं है। जिसका लक्ष्य एक हो, विचार एक हो, और एक उददेश्य एक हो उसी का नाम संगठन है।





# भारत स्काउट एवं गाइड्स का बिगिनर्सकोर्सकोर्स प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**झाबुआ।** भारत स्काउट एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय भोपाल के वार्षिक कार्यक्रम अनुसार एवं सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग एवं जिला कमिश्नर गाइड श्रीमती निशा मेहरा के आदेश तथा मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न विकास खण्डों से आए।

शिक्षक शिक्षिकाओं का बिगिनर्स कोर्स प्रशिक्षण शिविर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की प्रार्थना÷दया कर दान भक्ति का÷कर शिविर का शुभारंभ किया गया उक्त अवसर पर श्रीमती मेहरा का जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्रीमती शशि कला त्रिवेदी ने स्कार्फ पहना कर स्वागत किया। शिविर संचालक जिला प्रशिक्षण आयुक्त ओमप्रकाश त्रिपाठी एलटी÷कब सहायक संचालक जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड श्रीमती शशिकला त्रिवेदी एएलटी, ÷गाइड, निरज कोराने हिबुड बैज कब, मनिष पंवार ब्लॉक सचिव, गोपाल नलवाया ब्लॉक सचिव, प्रदीप कुमार पंड्या, श्रीमती भारती गिरवानी, सिमा दसोधी गाइड त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्काउटिंग के अधोलिखित विषयों पर उपरोक्त प्रशिक्षण मण्डल द्वारा बिन्दु वार चर्चा कि गई, यूनिट कैसे शुरू करें, संगठन संरचना, संस्था के विभिन्न अनुभाग प्रगति चरण, यूनिट लीडर की उन्नति आदि अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई तथा शिक्षक,शिक्षिकाओं द्वारा विषय अंतर्गत पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया गया। उक्त अवसर पर श्रीमती निशा मेहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ हमें स्काउट एवं गाइड गतिविधियों का भी संचालन अवश्य करना चाहिए इससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है,प्रशिक्षक मंडल द्वारा गतिविधियों के संचालन के संबंध में बताया जा रहा है मुझे विश्वास है आप सभी इस प्रशिक्षण को अच्छे से प्राप्त कर रहे हैं प्रशिक्षण के पश्चात आपको आने वाले समय में बेसिक प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा अतः आप सभी दलों का गठन कर गतिविधि प्रारंभ कर दे। शिविर में शुभम राव स्काउटर, कुलदीप पंवार स्काउटर ने सहयोग प्रदान किया, पंड्या ने उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

